https://www.instagram.com/sachbedhadakd https://www.youtube.com/@SachBedhadakD https://x.com/SachBedhadakD https://www.facebook.com/SachBedhadakD

FIRST INDIA

दैनिक हिंदी अखबार

# सच बेधड़क

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित

Scan to Subscribe

वर्ष: 5 | अंक: 183 | जयपुर, शनिवार, 13 जून, 2026 | ज्येष्ठ अधिक मास, कृष्ण पक्ष-त्रयोदशी, विसं 2083 | पृष्ठ: 12 | मूल्य: 3.00

**जरूरी खबर**

### 12 साल में नारी शक्ति को मिला नया आत्मविश्वास: मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में राजग सरकार ने महिलाओं के नेतृत्व में विकास को प्राथमिकता देते हुए ऐसा वातावरण तैयार किया है, जहां वे अपनी पूरी क्षमता के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियां सम्मान, अवसर और सशक्तीकरण पर आधारित हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वित्तीय समावेशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्यमिता, विज्ञान, अंतरिक्ष, खेल और शासन जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ी है। उन्होंने ड्रोन तकनीक और नवाचार जैसे नए क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को भी सराहा।

### निशानेबाज और कोच जसपाल राणा का निधन



**नई दिल्ली।** भारत के दिग्गज पिस्टल निशानेबाज और राष्ट्रीय कोच जसपाल राणा का शुक्रवार तड़के हृदय संबंधी बीमारी के कारण निधन हो गया। वह 49 वर्ष के थे। जसपाल राणा ने 1994 एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई थी। 2006 दोहा एशियाई खेलों में उन्होंने तीन स्वर्ण और एक रजत पदक जीता था।

### नटराजन को कोर्ट से राहत नहीं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने मध्यप्रदेश से राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र खारिज किए जाने को चुनौती दी थी। हालांकि अदालत ने उन्हें चुनाव याचिका के माध्यम से मामला उठाने की छूट दी है।

**प्राकृतिक खेती का महाकुंभ: गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत बोले... आज हम खेती नहीं, पाप कर रहे हैं**

# आने वाली पीढ़ियों के लिए बचानी होगी जमीन: मुख्यमंत्री

**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की ओर से आयोजित किसान महाकुंभ के तहत शनिवार को जयपुर के एसएमएस इंडोर स्टेडियम में राज्य स्तरीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला एवं किसान सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कैलाश चौधरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि शामिल हुए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आज यह सोचने की जरूरत है कि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को कैसी कृषि भूमि सौंपकर जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती के शुरुआती वर्षों में कुछ चुनौतियां आ सकती हैं, लेकिन दीर्घकाल में इसके परिणाम बेहद सकारात्मक होंगे। मुख्यमंत्री ने किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने संकेत दिए कि किसान सम्मान निधि की राशि बढ़ाकर 12 हजार रुपए तक किए जाने की दिशा में भी सरकार प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने किसानों से रासायनिक खेती पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक विकल्पों को अपनाने का आह्वान किया।



*गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत का स्वागत करते मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा। साथ में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी।*

### समझाए प्राकृतिक खेती के लाभ

आचार्य देवव्रत ने बताया कि गुजरात में करीब साढ़े आठ लाख किसान प्राकृतिक खेती अपना चुके हैं, जिससे यूरिया की खपत में उल्लेखनीय कमी आई है। प्राकृतिक खेती कम लागत वाली, पर्यावरण-अनुकूल और मिट्टी को पुनर्जीवित करने वाली पद्धति है। उन्होंने देसी गाय आधारित खेती मॉडल को बढ़ावा देते हुए कहा कि गोबर और मिट्टी में मौजूद सूक्ष्म जीवाणु भूमि की उर्वरता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से लगातार घट रही भूमि की उर्वरता

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने रासायनिक खेती पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान करते हुए कहा, आज हम खेती नहीं, पाप कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अत्यधिक यूरिया और रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से भूमि की उर्वरता लगातार घट रही है तथा खेतों का ऑर्गेनिक कार्बन समाप्त होने की कगार पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि किसान धरती का पालनकर्ता है, लेकिन रसायनों पर बढ़ती निर्भरता भविष्य की पीढ़ियों के लिए खतरा बनती जा रही है।

**सेंसेक्स 1,695 अंक उछला, निफ्टी 23,600 के पार**

# पश्चिम एशिया में शांति की आहट से बाजार गुलजार

**एजेंसी** | मुंबई

पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और अमेरिका-ईरान के बीच संभावित शांति समझौते की खबरों ने शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में जोरदार तेजी ला दी। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बीएसई सेंसेक्स 1,695.40 अंक उछलकर 75,527.95 पर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 461.30 अंक की बढ़त के साथ 23,622.90 के स्तर पर पहुंच गया। बाजार में यह तेजी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान के बाद आई, जिसमें उन्होंने ईरान के साथ समझौते की दिशा में सकारात्मक प्रगति का दावा किया। निवेशकों को उम्मीद है कि समझौता होने पर पश्चिम एशिया में तनाव कम होगा और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव घटेगा।



### तेल कीमतों में गिरावट से बल्ले-बल्ले

इस बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमत करीब 4 प्रतिशत गिरकर 86.78 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से भारतीय अर्थव्यवस्था और कंपनियों की लागत पर सकारात्मक असर की उम्मीद बढ़ी है। सेंसेक्स में बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, इंडिगो, टाइटन और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में सबसे अधिक तेजी रही। वहीं रियल्टी, बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र के शेयरों में जोरदार खरीदारी देखने को मिली। व्यापक बाजार में भी उत्साह रहा। बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 2.75 प्रतिशत और मिडकैप सूचकांक 2.66 प्रतिशत चढ़ा।

### महंगाई लगातार पांचवें महीने बढ़ी

देश में खुदरा महंगाई दर लगातार पांचवें महीने बढ़कर मई में 3.93 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो अप्रैल में 3.48 प्रतिशत थी। जनवरी 2026 में महंगाई 2.74 प्रतिशत के स्तर पर थी, लेकिन इसके बाद लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मई में महंगाई दर रिजर्व बैंक के 4 प्रतिशत लक्ष्य के बेहद करीब पहुंच गई। अप्रैल की तुलना में मई में महंगाई में 0.45 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो पिछले 16 महीनों की सबसे तेज मासिक बढ़ोतरी है। विशेषज्ञों के अनुसार बढ़ती कीमतें बाजार में बढ़ते महंगाई दबाव का संकेत हैं।

## ईरान से युद्ध खत्म, सप्ताहांत तक होगा शांति समझौता: ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध समाप्त करने का समझौता लगभग तय हो चुका है तथा इस पर सप्ताहांत तक यूरोप में हस्ताक्षर हो सकते हैं। ट्रंप के अनुसार, ईरान ने भविष्य में परमाणु हथियार न बनाने, न खरीदने और न रखने पर सहमति जताई है। ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रंप ने कहा कि समझौते के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर कतर, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, कुवैत और पाकिस्तान सहित कई देशों के नेताओं से चर्चा हुई है। ट्रंप ने यह भी कहा कि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस संभावित हस्ताक्षर समारोह में शामिल हो सकते हैं। हालांकि ईरान की ओर से अभी तक किसी औपचारिक समझौते या ट्रंप के दावों की पुष्टि नहीं की गई है। पिछले कुछ सप्ताह से दोनों देशों के बीच समझौते की संभावनाओं की चर्चा जारी है, लेकिन अब तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।



### भारतीय जहाजों पर हमले के लिए ईरान जिम्मेदार

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे भारतीय जहाजों पर ड्रोन हमलों के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराते हुए इसे 'पूरी तरह अस्वीकार्य' बताया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि भारतीय जहाजों को निशाना बनाने की कोशिश को विफल कर दिया गया। इस सप्ताह ओमान तट के पास भारतीय चालक दल वाले तीन वाणिज्यिक जहाजों पर हमले हुए, जिनमें एक घटना में तीन भारतीय नाविकों की मौत हो गई। भारत ने इन हमलों को गंभीर बताते हुए अमेरिका के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

**पेट्रोल पंपों से थोक खरीद पर रोक**

# नहीं मिलेगा 200 लीटर से ज्यादा डीजल

**■ कमर्शियल यूजर रिटेल पेट्रोल पंप से ईंधन नहीं खरीद पाएंगे**

**बेधड़क** | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने पेट्रोल-डीजल की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने और जमाखोरी रोकने के लिए नया आदेश जारी किया है। इसके तहत अब किसी भी वाहन या ग्राहक को एक दिन में अधिकतम 200 लीटर डीजल ही दिया जा सकेगा। साथ ही औद्योगिक, वाणिज्यिक और संस्थागत उपभोक्ताओं के रिटेल पेट्रोल पंपों से ईंधन खरीदने पर रोक लगा दी गई है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, डीजल केवल वाहन के टैंक या पीईएसओ-स्वीकृत कंटेनर में ही



बेचा जाएगा। खरीदे गए डीजल की पुनर्बिक्री पर भी प्रतिबंध रहेगा। नए नियमों के तहत उद्योगों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और संस्थागत उपभोक्ताओं को अब केवल निर्धारित बल्क या उपभोक्ता पंपों से ही ईंधन लेना होगा। यह व्यवस्था प्रारंभिक रूप से 90 दिनों तक लागू रहेगी।

### कालाबाजारी पर कार्रवाई करें राज्य

सरकार ने राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को जमाखोरी, कालाबाजारी, अनाधिकृत खरीद और ईंधन के दुरुपयोग पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आदेश का उल्लंघन करने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। सरकार ने कहा कि हाल के दिनों में कुछ क्षेत्रों में पेट्रोल और डीजल की खुदरा बिक्री में असामान्य वृद्धि देखी गई। इसकी वजह थोक उपभोक्ताओं द्वारा मूल्य अंतर का लाभ उठाते हुए रिटेल पेट्रोल पंपों से ईंधन खरीदना रहा है।

### एलन मस्क बने दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे अमीर उद्योगपति एलन मस्क ने नया इतिहास रच दिया है।



उनकी कुल संपत्ति 1.1 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गई है, जिससे वे दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर बन गए हैं। यह उपलब्धि उनकी कंपनी SpaceX के रिकॉर्ड आईपीओ के बाद हासिल हुई। नैस्डैक पर SPCX टिकर के साथ सूचीबद्ध स्पेसएक्स ने आईपीओ के जरिए 75 अरब डॉलर जुटाए। 135 डॉलर प्रति शेयर के भाव पर आए इस आईपीओ के बाद कंपनी की वैल्यूएशन 1.75 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गई।

**अभ्यर्थियों को मिलेंगी चार रफ वर्क शीट**

## NEET UG री-एग्जाम: तीन घंटे 15 मिनट का होगा पेपर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 21 जून को होने वाली नीट यूजी 2026 री-एग्जाम के लिए नई गाइडलाइंस जारी कर दी हैं। परीक्षा में पारदर्शिता और अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। अब परीक्षा की अवधि 180 मिनट के बजाय 195 मिनट यानी 3 घंटे 15 मिनट होगी। अभ्यर्थियों को रफ वर्क के लिए अतिरिक्त जगह उपलब्ध कराई जाएगी। गौरतलब है कि 3 मई 2026 को आयोजित नीट-यूजी परीक्षा पेपर लीक के आरोपों के बाद 12 मई को रद्द कर दी गई थी। मामले की जांच सीबीआई कर रही है, जिसके बाद अब 21 जून को दोबारा परीक्षा आयोजित की जाएगी। एनटीए के अनुसार परीक्षा देश के 551 शहरों और विदेश के




14 शहरों में आयोजित होगी। प्रश्न पत्र तैयार करने वाले विशेषज्ञों को परीक्षा तक विशेष निगरानी में रखा जाएगा। प्रश्न पत्रों के सुरक्षित परिवहन के लिए भारतीय वायुसेना के विमानों का उपयोग किया जाएगा। वहीं प्रश्न पत्रों की तैयारी, अनुवाद, प्रिंटिंग, पैकेजिंग, भंडारण और वितरण की पूरी प्रक्रिया पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर 24 घंटे नजर रखी जा रही है ताकि फर्जी प्रश्न पत्र, अफवाहों और संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।

**'द जेसी शो' की रिकॉर्डिंग के लिए फर्स्ट इंडिया पहुंचे गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत**

# फर्स्ट इंडिया न्यूज की कार्यशैली प्रभावी और जनोन्मुखी: देवव्रत

## राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने न्यूज रूम से लेकर प्रसारण तक की व्यवस्था देखी

**बेधड़क** | जयपुर

गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने अपने जयपुर प्रवास के दौरान फर्स्ट इंडिया मीडिया समूह के कार्यालय का दौरा किया। इस अवसर पर भारत24 एवं फर्स्ट इंडिया के सीएमडी एवं एडिटर-इन-चीफ डॉ. जगदीश चंद्र, डायरेक्टर वीरेंद्र चौधरी तथा सीईओ एवं मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। दौरे के दौरान राज्यपाल ने फर्स्ट इंडिया न्यूज के विभिन्न विभागों का अवलोकन करते हुए समाचार संकलन, संपादन, प्रोडक्शन और प्रसारण की पूरी प्रक्रिया को नजदीक से देखा। दौरे का प्रमुख आकर्षण 'द जेसी शो' के विशेष एपिसोड की रिकॉर्डिंग रही, जिसमें आचार्य देवव्रत ने डॉ. जगदीश चंद्र के साथ विभिन्न समसामयिक विषयों पर सारगर्भित चर्चा की। इस अवसर पर सीईओ एवं मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा ने राज्यपाल को चैनल के संचालन, न्यूज गैदरिंग सिस्टम, डिजिटल प्लेटफॉर्म और प्रसारण तंत्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्हें फर्स्ट इंडिया समूह के अंग्रेजी समाचार पत्र 'फर्स्ट इंडिया' और हिंदी दैनिक 'सच बेधड़क' की प्रतियां भी भेंट की गईं।



*डॉ. जगदीश चंद्र*



*भारत24 एवं फर्स्ट इंडिया ग्रुप के सीएमडी डॉ. जगदीश चंद्र ने शुक्रवार को जयपुर स्थित फर्स्ट इंडिया न्यूज कार्यालय में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को 10 जून को प्रकाशित फर्स्ट इंडिया के पेज-1 जैकेट का विशेष पोस्टर भेंट किया। यह विशेषांक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने की उपलब्धि को समर्पित था। इस अवसर पर फर्स्ट इंडिया ग्रुप के सीईओ एवं मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा तथा फर्स्ट इंडिया न्यूज के डायरेक्टर वीरेंद्र चौधरी भी उपस्थित रहे।* **-फोटो: पंकज शर्मा**

### निष्पक्ष पत्रकारिता की सराहना

आचार्य देवव्रत ने फर्स्ट इंडिया की निष्पक्ष, तथ्यपरक और जनहित आधारित पत्रकारिता की सराहना करते हुए कहा कि लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार और संतुलित पत्रकारिता समाज को सही दिशा देने का कार्य करती है। राज्यपाल ने फर्स्ट इंडिया की आधुनिक कार्यशैली, पेशेवर मीडिया प्रबंधन और समाचार प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि मीडिया समूह भविष्य में भी जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए समाज और राष्ट्रहित में अपनी भूमिका का प्रभावी निर्वहन करता रहेगा।



*गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत*

## जरूरी खबर

### योग्य अभ्यर्थियों को इंटरव्यू में करें शामिल: हाई कोर्ट

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) की ओर से मेडिकल एजुकेशन विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर (सुपर स्पेशियलिटी) पदों पर चल रही भर्ती प्रक्रिया से जुड़े विवाद में राजस्थान हाई कोर्ट ने अभ्यर्थियों को अंतरिम राहत प्रदान की है। हाई कोर्ट ने निर्देश दिया है कि निर्धारित योग्यता रखने वाले और लिखित परीक्षा की मेरिट के आधार पर पात्र अभ्यर्थियों को प्रोविजनल आधार पर साक्षात्कार में शामिल किया जाए। साथ ही उनके परिणाम को न्यायालय की अनुमति के बिना घोषित नहीं करने और सीलबंद लिफाफे में सुरक्षित रखने के आदेश दिए हैं। राजस्थान हाई कोर्ट की अवकाशकालीन विशेष एकलपीठ के जस्टिस चंद्र प्रकाश श्रीमाली ने डॉ. प्रणव राजा यादव, दीपिका गहलोत और शिखा कुमारी मीणा की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह अंतरिम आदेश पारित किया। मामला आरपीएससी की ओर से 22 अक्टूबर, 2024 और 11 दिसंबर, 2024 को जारी भर्ती विज्ञापनों से संबंधित है।

### राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह 29 को

**जयपुर।** शिक्षा विभाग की ओर से 30वां राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह 29 जून को जयपुर स्थित बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले 154 भामाशाहों और 97 प्रेरकों को सम्मानित किया जाएगा। प्रारंभिक शिक्षा निदेशक ने बताया कि राजकीय विद्यालयों में भवन निर्माण, अतिरिक्त निर्माण, भूमि एवं अन्य भौतिक संसाधनों के सहयोग के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने वाले दानदाताओं का चयन किया गया है। इस वर्ष कुल 318 करोड़ रुपए का सहयोग प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि एक करोड़ रुपए या उससे अधिक सहयोग देने वाले 49 भामाशाहों को 'शिक्षा विभूषण' और 30 लाख से एक करोड़ रुपए तक का सहयोग देने वाले 105 भामाशाहों को 'शिक्षा भूषण' सम्मान से नवाजा जाएगा।

---

**कोटा विश्वविद्यालय कराएगा SET-2026: पारदर्शिता और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए**

# आवेदन कल से, सिर्फ संभाग मुख्यालयों पर होगी परीक्षा

- 15 जुलाई तक अभ्यर्थी कर सकेंगे आवेदन

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के लिए पात्रता निर्धारित करने वाली राजस्थान राज्य पात्रता परीक्षा (SET-2026) का आयोजन इस वर्ष 6 सितंबर को होगा। परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 14 जून से शुरू होकर 15 जुलाई तक चलेगी। इस बार परीक्षा आयोजन की जिम्मेदारी कोटा विश्वविद्यालय को सौंपी गई है। कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. बी.पी. सारस्वत ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में बताया कि अभ्यर्थी राजस्थान सरकार के आधिकारिक भर्ती पोर्टल पर एसएसओ आईडी के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। परीक्षा को पूरी पारदर्शिता और सुरक्षा के साथ आयोजित किया जाएगा। परीक्षा केवल संभाग मुख्यालयों पर आयोजित होगी, जहां ऑब्जर्वर और उड़न दस्तों की तैनाती की जाएगी। इस वर्ष SET परीक्षा 35 विषयों में आयोजित होगी। इनमें पहली बार राजस्थानी, सिंधी, पंजाबी, फारसी और उर्दू विषय शामिल किए गए हैं। कॉमर्स विषय को लेकर उठे सवालों पर प्रो. सारस्वत ने बताया कि परीक्षा का स्वरूप यूजीसी नेट के नियमों और सिलेबस के अनुरूप निर्धारित किया जाता है।



मीडिया से बात करते कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. बी.पी. सारस्वत। साथ में हैं विभागीय अधिकारी।

### दो लाख अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना

प्रो. सारस्वत ने बताया कि वर्ष 2023 में इस परीक्षा का आयोजन बांसवाड़ा विश्वविद्यालय ने किया था। इससे पहले परीक्षा का आयोजन आरपीएससी करता था। इस बार लगभग दो लाख अभ्यर्थियों के परीक्षा में शामिल होने की संभावना है। कोटा विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार राजपाल सिंह ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया और डेटा प्रबंधन का कार्य राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के सहयोग से किया जाएगा। इस परीक्षा के माध्यम से राज्य के 34 सरकारी, करीब 100 निजी विश्वविद्यालयों और लगभग 2000 कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए पात्रता प्राप्त होगी।

### पात्रता और आवेदन शुल्क

- पीजी उत्तीर्ण या अंतिम वर्ष के विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे।
- सामान्य वर्ग के लिए न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक आवश्यक।
- एससी, एसटी, ओबीसी, दिव्यांग और थर्ड जेंडर अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक निर्धारित।
- परीक्षा के लिए कोई आयु सीमा नहीं।
- सामान्य वर्ग के लिए 1500 रुपए आवेदन शुल्क।
- ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस के लिए 1200 रुपए।
- एससी, एसटी एवं दिव्यांग वर्ग के लिए 750 रुपए।

### ये रहेगा परीक्षा पैटर्न

- **परीक्षा अवधि:** 3 घंटे।
- कुल 150 प्रश्न पूछे जाएंगे।
- प्रथम प्रश्न पत्र में 50 प्रश्न सामान्य ज्ञान, शिक्षण एवं शोध अभिक्षमता और तार्किक क्षमता से संबंधित होंगे।
- द्वितीय प्रश्न पत्र में अभ्यर्थी के विषय से संबंधित 100 प्रश्न होंगे।
- कुल परीक्षा 300 अंकों की होगी।
- प्रत्येक सही उत्तर पर 2 अंक मिलेंगे।
- परीक्षा में किसी प्रकार की नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

---

**प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में किया आह्वान...**

# प्राकृतिक खेती बने जनआंदोलन गांव-ढाणी तक चलाएं अभियान

- रसायन मुक्त अनाज से लोगों को गंभीर बीमारियों से बचाएं: राज्यपाल बागडे
- मिट्टी में मौजूद सूक्ष्म जीवों की उर्वरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका: आचार्य देवव्रत

**बेधड़क | जयपुर**

सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में आयोजित प्रदेश स्तरीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला एवं मल्लखम्भ प्रदर्शन में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि किसान रसायन मुक्त अनाज तैयार कर समाज को स्वस्थ बनाने में योगदान दें। उन्होंने कहा कि देश के किसानों की मेहनत से आज भारत खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बना है और अब गुणवत्तापूर्ण व पोषण युक्त अनाज उत्पादन की आवश्यकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि उपभोक्ता अच्छे और सुरक्षित खाद्यान्न के लिए उचित मूल्य देने को तैयार हैं।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि देश प्राकृतिक खेती की ओर लौटे और पोषण युक्त अन्न उत्पादन को बढ़ावा मिले। चौधरी ने कहा कि एक समय ऐसा आएगा जब 'कलेक्टर का बेटा भी यह कहेगा कि वह बड़ा होकर किसान बनेगा और खेती करेगा।' चौधरी ने बताया कि प्राकृतिक खेती को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए अभियान को जिला स्तर, विधानसभा स्तर और गांव-ढाणी तक ले जाया जाएगा। इसके तहत किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभ, कम लागत, मिट्टी की उर्वरता संरक्षण और स्वस्थ कृषि प्रणाली के बारे में जागरूक किया जाएगा।



प्रदेश स्तरीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला में बाएं से दाएं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, राज्यमंत्री ओटाराम देवासी और यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा।

### डबल इंजन सरकार खेती को बना रही लाभकारी और पर्यावरण अनुकूल: CM

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारतीय कृषि परंपरा में पंचगव्य, जीवामृत, बीजामृत और मल्चिंग जैसे प्राकृतिक उपायों का विशेष महत्व रहा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती मानव स्वास्थ्य और मिट्टी दोनों की सेहत के लिए आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की समृद्धि के लिए जल और ऊर्जा उपलब्धता का व्यापक रोडमैप लागू कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बैलों से पारंपरिक एवं प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को 30 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। साथ ही किसानों को राज्य सरकार 9 हजार रुपए की किसान सम्मान निधि और गेहूं पर न्यूनतम समर्थन मूल्य के अतिरिक्त 150 रुपए प्रति क्विंटल बोनस भी दे रही है।

### मिट्टी का ऑर्गेनिक कार्बन घटा: देवव्रत

गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि रासायनिक खेती के कारण खेतों की मिट्टी का ऑर्गेनिक कार्बन लगातार घट रहा है, जो कृषि और पर्यावरण दोनों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती में सूक्ष्म जीवाणु और मित्र कीट मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने का काम करते हैं और इससे उत्पादन में कमी नहीं बल्कि वृद्धि होती है।

### प्राकृतिक खाद से मिलेगा पोषण युक्त अन्न

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। किसानों को प्राकृतिक खाद का उपयोग कर पोषण युक्त खाद्यान्न उत्पादन करना चाहिए। किसानों के हित में डबल इंजन सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

---

**जयपुर डेयरी : मंत्री ने किया दौरा**

## अत्याधुनिक तकनीक से लैस नया प्लांट जल्द होगा शुरू



मंत्री जोराराम कुमावत प्लांट का निरीक्षण करते हुए। साथ में हैं आरसीडीएफ एमडी श्रुति भारद्वाज।

**बेधड़क | जयपुर**

राजधानी जयपुर में दुग्ध उत्पादकों और उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत और खुशखबरी सामने आई है। जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड (जयपुर डेयरी) के प्रसंस्करण संयंत्र का 133 करोड़ की लागत से पूरी तरह आधुनिकीकरण और नवीनीकरण कर दिया गया है। अत्याधुनिक तकनीक से लैस यह मेगा प्लांट जल्द ही शुरू किया जाएगा, जिससे जयपुर सहित आसपास के जिलों में दूध और दुग्ध उत्पादों की आपूर्ति व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। संयंत्र के उद्घाटन की तैयारियों को देखते हुए पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने प्लांट का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संयंत्र की विभिन्न यूनिट्स का जायजा लिया और अधिकारियों से पूरी प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के बाद उन्होंने तैयारियों पर संतोष जताते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि प्लांट का कार्य अंतिम चरण में है और इसका उद्घाटन जल्द मुख्यमंत्री की ओर से किया जाएगा। इस अवसर पर राजस्थान कॉपरेटिव डेयरी फेडरेशन और जयपुर डेयरी के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

### उत्पादन क्षमता में हुआ बड़ा विस्तार

आधुनिकीकरण के बाद जयपुर डेयरी की उत्पादन क्षमता में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। अब दूध प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख लीटर प्रतिदिन से बढ़कर 20 लाख लीटर प्रतिदिन हो गई है। वहीं, दूध पाउच पैकिंग क्षमता भी 10 लाख लीटर से बढ़कर 16.50 लाख लीटर प्रतिदिन तक पहुंच गई है। इसके अलावा संयंत्र में आधुनिक बॉयलर और अत्याधुनिक मशीनरी लगाई गई है, जिससे प्रति घंटे लगभग 70 मीट्रिक टन भाप उत्पादन के साथ-साथ घी, बटर और अन्य दुग्ध उत्पादों का अधिक प्रभावी उत्पादन किया जा सकेगा।

---

**गहलोत के बयान पर डॉ. किरोड़ी का पलटवार, कहा...**

## मैं AC कमरों में बैठने वाला नेता नहीं

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान में इन दिनों सत्तापक्ष और विपक्ष के नेताओं के बीच विभिन्न मुद्दों को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इसी क्रम में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हाल ही में कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा की ओर से की जा रही छापेमारी की कार्रवाई पर सवाल उठाए, जिसके बाद मंत्री डॉ. मीणा ने भी तीखा पलटवार किया है। गहलोत ने आरोप लगाया कि किरोड़ी लाल मीणा जिन लोगों को अपने साथ लेकर छापेमारी करते



हैं, उन्हें लेकर भी सवाल उठ रहे हैं और मीडिया में सौदेबाजी जैसी खबरें सामने आ रही हैं। गहलोत ने कहा कि किसी मंत्री को स्वयं छापे डालने नहीं जाना चाहिए, यह काम अधिकारियों का है। गहलोत के बयान पर पलटवार करते हुए कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि वह अन्य नेताओं की तरह एयर कंडीशनर कमरों में बैठने वाले नेता नहीं हैं, बल्कि जमीन पर रहकर किसानों की समस्याओं का समाधान करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता उन पर दुर्भावना से प्रेरित होकर आरोप लगाते रहते हैं। किरोड़ी ने कहा कि उन्होंने पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान भी किसानों और आम लोगों के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष किया था और आगे भी किसानों की सेवा के लिए मैदान में सक्रिय रहेंगे।

---

**बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका खारिज**

## महेश जोशी को हाई कोर्ट से झटका

**बेधड़क | जयपुर**

पूर्व मंत्री महेश जोशी को राजस्थान हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाई कोर्ट की जयपुर पीठ की अवकाशकालीन विशेष खंडपीठ ने उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली बंदी प्रत्यक्षीकरण (हैबियस कॉर्पस) याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। यह याचिका महेश जोशी के पुत्र रोहित जोशी ने दायर की थी। जस्टिस उमाशंकर व्यास एवं जस्टिस अशोक कुमार जैन की खंडपीठ ने सुनवाई के बाद याचिका



निरस्त करते हुए कहा कि मामले में विस्तृत कारणों सहित अलग से आदेश जारी किया जाएगा। याचिका में दावा किया गया था कि 7 मई, 2026 को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से महेश जोशी की गिरफ्तारी संविधान के अनुच्छेद 22(1) के प्रावधानों के अनुरूप नहीं थी। परिवार को गिरफ्तारी के आधारों की विधिवत जानकारी नहीं दिए जाने का भी आरोप लगाया गया था। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता पक्ष ने गिरफ्तारी की वैधता पर सवाल उठाए, जबकि राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने याचिका का विरोध किया। राज्य का पक्ष था कि गिरफ्तारी कानून के अनुसार की गई है और हैबियस कॉर्पस याचिका सुनवाई योग्य नहीं है।

---

**बेधड़क TOON**




---

**रीको ने रचा नया कीर्तिमान**

# 5 माह में 39 सहायक स्थल अभियंता नियुक्त

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम (रीको) ने भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता, नवाचार और समयबद्धता का नया मानक स्थापित करते हुए मात्र पांच माह में सहायक स्थल अभियंता (सिविल) भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली है।

भर्ती में चयनित 39 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र जारी करने के साथ ही विभिन्न इकाई कार्यालयों में पदस्थापन भी दे दिया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप युवाओं को समय पर रोजगार उपलब्ध कराने और भर्ती प्रक्रियाओं को पारदर्शी ढंग से निर्धारित समय सीमा में पूरा करने की दिशा में रीको ने यह उपलब्धि हासिल की है। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के मार्गदर्शन में पूरी भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न किया गया।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

### औद्योगिक विकास को मिलेगा बल

वर्तमान में रीको प्रदेश के 33 इकाई कार्यालयों के माध्यम से लगभग 450 औद्योगिक क्षेत्रों का विकास कर चुका है। नवनियुक्त सहायक स्थल अभियंता इन क्षेत्रों में सड़क, भवन और अन्य आधारभूत संरचना विकास कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। रीको ने बताया कि विभिन्न अन्य संवर्गों के 121 पदों के लिए भी आवेदन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और लिखित परीक्षा आयोजित कराने की कार्रवाई प्रगति पर है। इन भर्तियों से संस्थान में मानव संसाधन की कमी दूर होने के साथ औद्योगिक क्षेत्रों के विकास एवं उद्यमियों को मिलने वाली सेवाओं में भी तेजी आएगी।

### गेट स्कोर के आधार पर हुआ चयन

रीको ने सहायक स्थल अभियंता (सिविल) के 39 पदों पर सीधी भर्ती के लिए 28 दिसंबर, 2025 को विज्ञापन जारी किया था। ऑनलाइन आवेदन 29 दिसंबर, 2025 से 27 जनवरी, 2026 तक आमंत्रित किए गए। इस भर्ती में अभ्यर्थियों का चयन वैध गेट (GATE) स्कोर के आधार पर किया गया, जो रीको की ओर से अपनाया गया एक अभिनव कदम माना जा रहा है। गौरतलब है कि गेट स्कोर के माध्यम से भर्ती की प्रक्रिया देश के प्रमुख सार्वजनिक उपक्रमों जैसे एनपीसीआईएल, इंडियन ऑयल, एचपीसीएल, बीपीसीएल, गेल, ओएनजीसी और पीजीसीआईएल में भी अपनाई जाती है। भर्ती प्रक्रिया प्रतिष्ठित एजेंसी आईबीपीएस के माध्यम से ऑनलाइन और पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई। दस्तावेज सत्यापन के बाद 11 जून, 2026 को अंतिम परिणाम जारी किया गया। इसके साथ ही चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर पदस्थापन भी कर दिया गया।

---

**अधिकारियों से ली घटनाक्रम की जानकारी**

## बिजली गुल होने की घटना पर ऊर्जा मंत्री सख्त, हाई लेवल जांच समिति गठित

**बेधड़क | जयपुर**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित होने की घटना को ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने गंभीरता से लिया है। नागर ने विद्युत प्रसारण निगम और जयपुर डिस्कॉम के अधिकारियों की बैठक लेकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर नाराजगी जताई। उन्होंने राज्य विद्युत प्रसारण निगम की सीएमडी आरती डोगरा से भी दूरभाष पर चर्चा की। अधिकारियों ने बताया कि 11 जून



को दोपहर 3.57 बजे हीरापुरा स्थित 400 केवी जीएसएस पर 220 केवी केटीपीएस लाइन के सर्किट ब्रेकर में एसएफ-6 गैस लीकेज को ठीक करने के लिए लाइन का आइसोलेटर खोला जा रहा था। इसी दौरान करंट असंतुलन होने से 250 एमवीए क्षमता के दो ट्रांसफार्मर ट्रिप हो गए। इसके चलते 220 केवी जीएसएस एनपीएच तथा 132 केवी जीएसएस चंबल, वैशाली नगर, भांकरोटा और पीडब्ल्यूडी बंगला क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। ऊर्जा मंत्री नागर ने घटना के लिए जिम्मेदारी तय करने के निर्देश देते हुए विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने अतिरिक्त मुख्य अभियंता (एमपीटीएंडएस), जयपुर की अध्यक्षता में हाई लेवल जांच समिति गठित की है। समिति में अधीक्षण अभियंता (जयपुर ग्रामीण) और सहायक अभियंता (प्रोटेक्शन इंजीनियरिंग) को सदस्य बनाया गया है।

## जरूरी खबर

### फायर एनओसी नहीं मिलने पर तीन प्रतिष्ठान सीज



**जयपुर।** नगर निगम जयपुर ने अग्नि सुरक्षा मानकों की अवहेलना करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को 180 दिनों के लिए सीज कर दिया है। यह कार्रवाई आयुक्त ओम कसेरा के निर्देश पर उपायुक्त (अग्निशमन) प्रवीण कुमार के नेतृत्व में की गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौतम लाल की टीम ने टोंक रोड स्थित ब्रोटजाइट 95 रूफटॉप, मसाला ट्रेल्स रूफटॉप रेस्टोरेंट तथा वीकेआई सीकर रोड स्थित द कोक रेस्टोरेंट एंड बार को सीज किया है।

### सेंट्रल जेल में खूनी झड़प में बंदी हुआ घायल

**जयपुर।** जयपुर सेंट्रल जेल में बंद एक बंदी पर आईटीआई प्रशिक्षण के दौरान नुकीली वस्तु से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घायल बंदी को उपचार के लिए एसएमएस अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे वापस जेल भेज दिया गया। जेल प्रशासन की ओर से लालकोठी थाने में मामला दर्ज कराया गया है और पुलिस जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार चेतन सिंह उर्फ ऋषिराज (24) डकैती और हत्या के मामले में न्यायिक अभिरक्षा में सेंट्रल जेल में बंद है। शुक्रवार दोपहर वह जेल परिसर में संचालित आईटीआई कंप्यूटर लैब के प्रशिक्षण सत्र में शामिल था।

### मालवीय नगर थाने में पुलिस कमिश्नर की जनसुनवाई आज

**जयपुर।** अधिकारी आपके द्वार अभियान के तहत शनिवार पूर्वाह्न 11:30 बजे पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल मालवीय नगर थाने में जनसुनवाई करेंगे। ये जनसुनवाई 2 घंटे तक चलेगी। इसमें कमिश्नर के साथ-साथ स्पेशल कमिश्नर, एडिशनल कमिश्नर, ईस्ट जिले की डीसीपी, मालवीय नगर एसीपी और सर्किल के सभी थानों के एसएचओ मौजूद रहेंगे।

### पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय, कई जिलों में बारिश-ओलावृष्टि

**जयपुर।** प्रदेश में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से शुक्रवार को कई जिलों में मौसम ने करवट ली। हनुमानगढ़, चूरू, श्रीगंगानगर और टोंक के कुछ क्षेत्रों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। मौसम विभाग ने शनिवार को बीकानेर, जयपुर, भरतपुर, अजमेर और कोटा संभाग में मेघगर्जन, तेज आंधी और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है।

## करीम नगर हादसे वाली फैक्ट्री में फिर लगी आग... 20 मिनट की मशक्कत के बाद पाया काबू

# सर्च अभियान में मिलीं दो और अवैध पटाखा फैक्ट्रियां

बेधड़क | जयपुर

खोह नागोरियान के करीम नगर तलाई स्थित अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट के चार दिन बाद शुक्रवार को हादसे वाली जगह पर बने एक गोदाम में दोबारा आग लगने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।




इधर, हादसे के बाद पुलिस का लगातार सर्च अभियान जारी है। करीम नगर और आसपास के क्षेत्रों में सघन सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। मकानों, गोदामों, खाली प्लॉटों और संदिग्ध परिसरों की जांच की जा रही है। तलाशी के दौरान पुलिस को दो अन्य स्थानों पर भी अवैध पटाखा फैक्ट्रियों के संचालन के संकेत मिले हैं। इन परिसरों में मौजूद सामग्री की जांच की जा रही है। लगातार हो रहे खुलासों ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है और यह आशंका गहरा गई है कि क्षेत्र में लंबे समय से नियमों की अनदेखी कर विस्फोटक सामग्री का कारोबार चल रहा था।

### ड्रोन से की जा रही निगरानी

पुलिस ने निगरानी के लिए ड्रोन तकनीक का सहारा लिया है। ड्रोन कैमरों के माध्यम से बंद मकानों, सुनसान प्लॉटों और ऐसे स्थानों पर नजर रखी जा रही है, जहां सामान्य रूप से पहुंचना मुश्किल है। इससे संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करने में मदद मिल रही है।

### फरार आरोपियों की तलाश जारी

विस्फोट मामले में फरार मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें विभिन्न राज्यों में दबिश दे रही हैं। जांच एजेंसियां दिल्ली निवासी फिरोज तथा करीम नगर के कय्यूम और याकूब की तलाश में जुटी हैं। अधिकारियों का मानना है कि इनकी गिरफ्तारी से पूरे नेटवर्क और अवैध कारोबार से जुड़े कई महत्वपूर्ण खुलासे हो सकते हैं।

### 34 लाइसेंसधारी दुकानों की सात दिन में मांगी रिपोर्ट

इधर, घटना के बाद पुलिस कमिश्नरेट ने सुरक्षा मानकों की समीक्षा शुरू कर दी है। एडिशनल कमिश्नर (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. राजीव पचार ने परकोटा क्षेत्र में संचालित 34 स्थायी आतिशबाजी लाइसेंसधारी दुकानों के निरीक्षण के निर्देश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार मुख्य अग्निशमन अधिकारी को संबंधित प्रतिष्ठानों की जांच कर सात दिन में निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

### करधनी में दो अवैध पटाखा गोदामों पर छापा, 2102 कार्टन जब्त



जयपुर में अवैध पटाखा फैक्ट्री में आग लगने की घटना के बाद पुलिस ने पूरे शहर में सख्ती बढ़ा दी है। पुलिस ने विभिन्न क्षेत्रों में डोर-टू-डोर चेकिंग शुरू कर दी। इस दौरान करधनी थाना पुलिस ने रिहायशी कॉलोनी में संचालित दो अवैध गोदामों पर कार्रवाई करते हुए पटाखों के 2102 बड़े कार्टन जब्त कर लिए और मालिक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी विनोद अग्रवाल झोटवाड़ा स्थित गणेश कॉलोनी का निवासी है।

## आत्महत्या के बाद सड़क पर उतरे नर्सिंगकर्मी, देर रात खत्म हुआ धरना

# नौकरी से हटाने पर नर्सिंगकर्मी ने किया सुसाइड, SMS में बवाल

**10 घंटे की वार्ता के बाद बनी सहमति, पत्नी को संविदा नौकरी और आर्थिक सहायता का ऐलान**

बेधड़क | जयपुर

नौकरी छूटने का दर्द एक संविदा नर्सिंगकर्मी की जिंदगी पर इतना भारी पड़ा कि उसने मौत को गले लगा लिया। एसएमएस मेडिकल कॉलेज से जुड़े संविदा नर्स दीपक खारवाल की आत्महत्या ने देखते ही देखते बड़े आंदोलन का रूप ले लिया। दिनभर चले हंगामे, धरने और विरोध प्रदर्शन के बाद आखिरकार करीब 10 घंटे की वार्ता में सहमति बनी और आंदोलन समाप्त हुआ।

25 वर्षीय दीपक खारवाल महिला चिकित्सालय, सांगानेरी गेट में कार्यरत था। शुक्रवार सुबह वह एसएमएस मेडिकल कॉलेज परिसर में चल रहे संविदा नर्सिंग कर्मचारियों के धरने में शामिल हुआ था। कुछ समय बाद वह अपने कमरे पर गया, जहां कथित रूप से जहर खाकर आत्महत्या कर ली। उसे गंभीर हालत में एसएमएस अस्पताल लाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

दीपक की मौत की खबर फैलते ही एसएमएस अस्पताल परिसर में नर्सिंग कर्मचारियों का भारी जमावड़ा लग गया। परिजनों और कर्मचारियों ने शव लेने से इनकार कर दिया तथा मुआवजा, नौकरी और हटाए गए कर्मचारियों की बहाली की मांग को लेकर धरना शुरू कर दिया। जानकारी मिलने पर विधायक रफीक खान, अमीन कागजी और सांसद हनुमान बेनीवाल भी अस्पताल पहुंचे। बेनीवाल के मोर्चरी पहुंचने के बाद प्रदर्शनकारियों ने आरोग्य पथ पर जाम लगा दिया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प की भी खबरें सामने आईं, जिससे नर्सिंग संगठनों में रोष फैल गया।

नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल भी प्रशासन के साथ वार्ता में शामिल हुए। देर रात चिकित्सा शिक्षा आयुक्त बीएल गोयल, एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी तथा अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में सहमति बनी। समझौते के तहत मृतक की पत्नी को संविदा पर नौकरी देने, परिवार को पालनहार योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना से जोड़ने तथा उचित आर्थिक सहायता पैकेज देने पर सहमति बनी। सांसद बेनीवाल ने भी सांसद कोटे से 5 लाख रुपए की सहायता देने की घोषणा की। सहमति बनने के बाद आरोग्य पथ पर चल रहा धरना समाप्त कर दिया गया और परिजनों ने शव स्वीकार कर लिया। हालांकि नर्सिंग संगठनों ने पुलिस के कथित लाठीचार्ज के खिलाफ आपात बैठक बुलाकर संबंधित पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन का नया चरण शुरू किया जाएगा।



*एसएमएस के बाहर प्रदर्शनकारियों के साथ मीडिया से बातचीत करते विधायक रफीक खान।*

### 7 हजार की तनख्वाह, बोनस अंकों का भरोसा और बेरोजगारी की चोट

नर्सिंग संगठनों का आरोप है कि तीन वर्ष पहले सरकार ने जिला कलेक्टरों की अनुमति से यूटीबी के माध्यम से नर्सिंग स्टाफ लगाने का प्रावधान किया था, लेकिन कई मेडिकल कॉलेजों में ठेकेदारों के जरिए भर्ती कर ली गई। कर्मचारियों को उम्मीद थी कि लंबे समय तक काम करने पर उन्हें सरकारी भर्ती में 10, 20 और 30 बोनस अंक मिलेंगे, जिससे स्थायी नौकरी का रास्ता खुलेगा। नर्सिंग नेताओं का कहना है कि कई कर्मचारी मात्र 7 हजार रुपए मासिक वेतन पर इसलिए काम करते रहे, क्योंकि उन्हें भविष्य में सरकारी नौकरी मिलने की उम्मीद थी, लेकिन अब नए संविदा स्टाफ की नियुक्ति के बाद प्रदेशभर में करीब 3 हजार और अकेले एसएमएस मेडिकल कॉलेज में लगभग 400 से अधिक कर्मचारियों को सेवा से हटा दिया गया।



#### जन्मदिन से तीन दिन पहले बुझ गया दीपक

साथियों के अनुसार दीपक का 15 जून को जन्मदिन था। उसने जन्मदिन के लिए छुट्टी भी मांगी थी, लेकिन उससे पहले ही उसकी जिंदगी का सफर खत्म हो गया। दीपक के परिवार में उसकी मां, पत्नी और एक बेटा है।



फोटो: राजेश कुमावत

## सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

# शराब पार्टी में विवाद! युवक की धारदार हथियार से हत्या

बेधड़क | जयपुर

शिप्रा पथ थाना इलाके में त्रिवेणी नगर पुलिया के नीचे एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। शुक्रवार सुबह खून से सना शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम की मदद से साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू की। मामले में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। मृतक की पहचान महेश जाटव (30) निवासी शिवपुरी, मध्य प्रदेश के रूप में हुई है। वह त्रिवेणी नगर क्षेत्र में पत्नी के साथ किराए के मकान में रहकर मजदूरी करता था। पुलिस ने शव को एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। देर शाम मृतक के पिता जयपुर पहुंच गए। अब शनिवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गुरुवार रात महेश कुछ परिचित युवकों के साथ त्रिवेणी पुलिया के नीचे लगने वाली चौखटी में बैठा था। घटनास्थल से पानी की बोतलें और शराब के पव्वे बरामद हुए हैं, जिससे अंदेशा है कि सभी ने साथ बैठकर शराब का सेवन किया था। पुलिस का मानना है कि नशे की हालत में किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जो बाद में हिंसक झड़प में बदल गया। इसी दौरान धारदार हथियार से हमला कर महेश की हत्या कर दी गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। शुक्रवार सुबह करीब छह बजे बजरी मंडी क्षेत्र में पहुंचे लोगों ने पुलिया के नीचे शव पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी महेंद्र यादव ने बताया कि संदिग्धों की पहचान के लिए आसपास लगे कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है। साथ ही मृतक के संपर्क में रहने वाले लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल हत्या के पीछे के सटीक कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

# प्राइवेट बस संचालकों का अल्टीमेटम, राहत नहीं मिली तो फिर होगा आंदोलन

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में प्राइवेट बस ऑपरेटरों ने परिवहन विभाग पर हड़ताल के बाद वादों से मुकरने और मनमाने तरीके से कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। प्राइवेट बस ऑपरेटर एसोसिएशन (स्टेज कैरिज) ने कहा है कि हड़ताल समाप्ति के समय जिला प्रशासन, परिवहन आयुक्त और पुलिस अधिकारियों के साथ हुई बैठक में यह आश्वासन दिया गया था कि बस ऑपरेटरों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाएगा और भारी जुर्माना या कठोर कार्रवाई नहीं की जाएगी। एसोसिएशन अध्यक्ष कैलाश चंद्र शर्मा ने आरोप लगाया कि इसके बावजूद बसों पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। स्टेज कैरिज और कॉन्ट्रैक्ट कैरिज दोनों प्रकार की बसों को सीज और चालान किए जा रहे हैं और कई मामलों में एक लाख रुपए तक के जुर्माने लगाए जा रहे हैं। वैध परमिट वाली बसों को भी नियमों के उल्लंघन या बिना परमिट चलाने के आरोप में कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है। बस ऑपरेटरों ने यह भी आरोप लगाया कि ई-डिटेक्शन कैमरों के माध्यम से भारी मात्रा में चालान किए जा रहे हैं, जिससे कई बसों पर लाखों का जुर्माना बकाया हो गया है।

साथ ही, बिना नियमों के प्रावधान के दो-दो महीने का टैक्स वसूले जाने का भी आरोप लगाया गया है। ऑपरेटरों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द राहत नहीं दी गई तो उन्हें पुनः आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी परिवहन विभाग की होगी।

## रेरा की सख्ती: दिवालियापन मामला लंबित, फिर भी होगी पड़ताल

# एवलॉन प्रोजेक्ट की होगी फोरेंसिक ऑडिट

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) ने एक महत्वपूर्ण आदेश में स्पष्ट किया है कि यदि किसी प्रोजेक्ट के प्रमोटर के खिलाफ नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) में दिवालियापन (आईबीसी) का मामला लंबित है, तब भी रेरा अपने अधिकार क्षेत्र में रहते हुए प्रोजेक्ट की सीमित फोरेंसिक ऑडिट का आदेश दे सकता है। यह आदेश भिवाड़ी के एवलॉन रॉयल पार्क प्रोजेक्ट के संबंध में दिया गया है, जिसकी सुनवाई रेरा अध्यक्ष वीनू गुप्ता ने की। यह प्रोजेक्ट वर्ष 2013 में शुरू हुआ था, जिसे प्रमोटर जीआरजे डिस्ट्रीब्यूटर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित किया जा रहा है। प्रमोटर ने आवंटियों से वादा किया था कि परियोजना वर्ष 2020 तक पूरी कर दी जाएगी, लेकिन यह अब तक अधूरी है। होम बायर्स एसोसिएशन ने रेरा में याचिका दायर कर आरोप लगाया कि परियोजना के लिए एकत्र की गई भारी राशि का उपयोग निर्माण कार्य में नहीं किया गया। याचिका में कहा गया कि वर्ष 2012 से 2016 के बीच आवंटियों से 281 करोड़ 48 लाख रुपए एकत्र किए गए, जो अनुमानित बिक्री मूल्य का लगभग 90 प्रतिशत था। वहीं, स्ट्रक्चरल इंजीनियर की रिपोर्ट में परियोजना लागत 270 करोड़ रुपए आंकी गई, जबकि प्रमोटर ने विकास कार्यों पर 211 करोड़ रुपए और भूमि अधिग्रहण पर 90 करोड़ रुपए खर्च करने का दावा किया है।

### एनसीएलटी में मामला लंबित, फिर भी रेरा को अधिकार




सुनवाई के दौरान प्रमोटर पक्ष के अधिवक्ताओं ने तर्क दिया कि कंपनी के खिलाफ एनसीएलटी में दिवालियापन का मामला लंबित है, इसलिए रेरा इस मामले में कोई आदेश पारित नहीं कर सकता। लेकिन रेरा ने इस दलील को खारिज करते हुए कहा कि आईबीसी की कार्यवाही के बावजूद रेरा अधिनियम की धारा 35 के तहत आवंटियों के हितों की सुरक्षा के लिए जांच कराना आवश्यक है। रेरा अध्यक्ष वीनू गुप्ता ने आदेश दिया कि परियोजना की लागत, प्राप्तियों, खर्च और निर्माण प्रगति में गंभीर विरोधाभासों एवं विसंगतियों को देखते हुए दो महीने के भीतर सीमित फोरेंसिक ऑडिट कराया जाए। साथ ही स्पष्ट किया गया कि यह ऑडिट एनसीएलटी में लंबित दिवालियापन मामले को प्रभावित किए बिना उसकी कार्यवाही में सहायक सिद्ध होगा।

## 45 लाख में खरीदा था सॉल्वड पेपर

# एसआई पेपर लीक मामले में पिता के बाद बेटा गिरफ्तार

बेधड़क | जयपुर

एसआई पेपर लीक प्रकरण में एसओजी ने एक और अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभ्यर्थी बृजेश कुमार मीणा (27) निवासी टिकरी जाफरान, दौसा का रहने वाला है। जांच में सामने आया कि बृजेश के पिता स्वरूपचंद मीणा ने पेपर लीक सरगना हर्षवर्धन कुमार मीणा से 45 लाख में सौदा कर अपने बेटे को परीक्षा से पूर्व लीक हुआ सॉल्वड पेपर पढ़वाया था। बृजेश की लिखित परीक्षा 15 सितंबर 2021 को अजमेर में आयोजित हुई थी। लीक सॉल्वड पेपर पढ़कर परीक्षा देने के कारण



*बृजेश कुमार मीणा।*

बृजेश को हिंदी विषय में 200 में से 116.23 अंक और सामान्य ज्ञान में 200 में से 126.01 अंक प्राप्त हुए तथा वह लिखित परीक्षा में अवैध रूप से सफल हो गया। हालांकि, शारीरिक दक्षता परीक्षा में फेल होने के कारण उसका अंतिम चयन एसआई पद पर नहीं हो सका। जांच में यह भी सामने आया है कि बृजेश के खिलाफ दो अन्य प्रकरण दर्ज हैं। एक मामला हाई कोर्ट एलडीसी भर्ती परीक्षा-2022 से जुड़ा है, जिसमें उसने अपने स्थान पर डमी अभ्यर्थी बैठाकर चयन प्राप्त किया था। दूसरा मामला एमटीएस भर्ती परीक्षा-2022 का है, जिसमें वह स्वयं किसी अन्य अभ्यर्थी के स्थान पर डमी बनकर परीक्षा में शामिल हुआ था। पेपर लीक सरगना हर्षवर्धन कुमार मीणा और बृजेश के पिता स्वरूपचंद मीणा को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है।

## जरूरी खबर

### आसाराम ने अंतरिम जमानत बढ़ाने की अर्जी वापस ली



**जोधपुर।** रेप मामलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम ने गुजरात हाई कोर्ट में दायर अंतरिम जमानत बढ़ाने की अर्जी वापस ले ली है। सूरत की युवती से दुष्कर्म मामले में गांधीनगर सेशंस कोर्ट ने उसे उम्रकैद की सजा सुनाई थी। गुजरात हाई कोर्ट ने उसकी अंतरिम जमानत 15 जून तक बढ़ाई थी। इसके बाद उसने स्वास्थ्य आधार पर जमानत अवधि बढ़ाने का आवेदन किया था, जिसे अब वापस ले लिया गया है। उल्लेखनीय है कि आसाराम ने 28 मई को अंतरिम जमानत समाप्त होने पर जोधपुर सेंट्रल जेल में सरेंडर किया था।

### पुष्कर सरोवर में युवक-युवती के शव मिले

**अजमेर।** पुष्कर सरोवर में शुक्रवार सुबह युवक और युवती के शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। गुर्जर घाट के पास पानी में तैरते शवों को सुबह पूजा करने पहुंचे तीर्थ पुरोहितों ने देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों शवों को बाहर निकलवाया। पुलिस के अनुसार शव 2-3 दिन पुराने हैं, जो फूलने के बाद पानी की सतह पर आए। युवती का आधार कार्ड मिलने से पहचान की कोशिश की जा रही है। शवों को पुष्कर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगा।

### जन्मदिन मनाकर लौट रहे तीन क्लासमेट की मौत



**अजमेर।** भिनाय क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में जन्मदिन मनाकर लौट रहे तीन क्लासमेट्स की मौत हो गई। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे तीनों उछलकर सड़क पर जा गिरे और मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान झड़वासा निवासी सम्राट नायक (35) पुत्र बंशीलाल नायक, किटाप निवासी शिवानी तिवाड़ी (25) पुत्री महावीर तिवाड़ी तथा अर्चना (20) पुत्री महावीर जांगिड़ के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार शिवानी का जन्मदिन था और तीनों मित्र बिजयनगर में जन्मदिन मनाने गए थे। कार्यक्रम के बाद वे बाइक से अपने घर लौट रहे थे।

## बयाना नगर पालिका की बैठक में हाई-वोल्टेज ड्रामा

# विधायक से नोकझोंक के बाद अधिशासी अधिकारी सस्पेंड

**बेधड़क** | भरतपुर

बयाना नगर पालिका में शुक्रवार को समीक्षा बैठक में विधायक डॉ. ऋतु बनावत और नगर पालिका ईओ अनीता कुशवाह के बीच तीखी बहस हो गई। शाम तक मामला उच्च स्तर तक पहुंचने के बाद ईओ को सस्पेंड कर दिया गया। बता दें कि सुबह हुई बैठक में सफाई टेंडरों में कथित अनियमितताओं, सुलभ शौचालय से एयर कंडीशनर चोरी, हाजिरी रजिस्टर में गड़बड़ियों और एक ही फर्म को ठेके दिए जाने के मामलों पर विधायक व ईओ में बहस हो गई। विधायक ने आरोप लगाया कि सफाई कार्यों से जुड़े टेंडर ऐसे समाचार पत्र में प्रकाशित किए गए, जिसे क्षेत्र में किसी ने देखा तक नहीं। उन्होंने सवाल उठाया कि हर बार केवल तीन-चार फर्में ही आवेदन क्यों करती हैं और क्या पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संचालित की जा रही है। विधायक ने कहा कि प्रथम दृष्टया पूरे मामले में बड़े स्तर पर अनियमितता की आशंका दिखाई देती है।



*एक दूसरे से नोकझोंक करतीं MLA ऋतु बनावत और EO अनीता कुशवाह।*

### एयर कंडीशनर चोरी का मामला भी गरमाया

बैठक के दौरान सरकारी अस्पताल के सामने स्थित सुलभ शौचालय परिसर से एयर कंडीशनर चोरी का मामला भी गरमा गया। विधायक ने सवाल उठाया कि चोरी की घटना के बावजूद पुलिस में रिपोर्ट दर्ज क्यों नहीं कराई गई। इस मुद्दे पर भी दोनों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। विवाद उस समय और बढ़ गया, जब ईओ के एक परिजन ने बैठक के दौरान उनके समर्थन में बोलने का प्रयास किया। विधायक ने उन्हें बैठक से बाहर जाने के लिए कहा, जिस पर ईओ ने कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि संबंधित व्यक्ति उनका पारिवारिक सदस्य है। इसके बाद माहौल और तनावपूर्ण हो गया।

## पत्रकारों के सवालों पर भड़के मंत्री झाबर सिंह खर्रा

### बोले- पाली के लोगों को पहचान गया हूं




**पाली।** जिले के प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा गुरुवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों के सवालों पर नाराज हो गए। सीवरेज, अतिक्रमण, वर्षा जल निकासी और डेंगू-मलेरिया से जुड़े प्रश्नों के जवाब में उन्होंने कहा कि पाली के लोग सकारात्मक कम और नकारात्मक ज्यादा हैं तथा वे दो साल में एक-एक व्यक्ति को पहचान गए हैं। मंत्री ने सीवरेज व्यवस्था में आ रही समस्याओं के लिए लोगों को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि सीवरेज होदियों में कचरा और निर्माण सामग्री डालने से व्यवस्था प्रभावित होती है। उन्होंने दावा किया कि शहर की करीब 100 किलोमीटर पुरानी सीवरेज लाइन की खामियां दूर कराई गई हैं। एलएंडटी द्वारा डाली गई सीवरेज लाइन में तकनीकी गड़बड़ियां बताते हुए कंपनी का एक वर्ष का मेंटेनेंस भुगतान रोके जाने और बैंक गारंटी जब्त करने की बात भी कही। डेंगू-मलेरिया के मामलों पर मंत्री ने कहा कि पाली में प्रदेश में सबसे कम मामले सामने आए हैं। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि यदि डेंगू या मलेरिया का एक भी मामला मिले तो उन्हें सीधे सूचना दी जाए।

## कामां थाना क्षेत्र के मुरार गांव की घटना: 2 गुटों में हुआ खूनी संघर्ष

# जमीन विवाद में फायरिंग... दस जने घायल, पुलिस बल तैनात

**बेधड़क** | डीग

जिले के कामां थाना क्षेत्र के मुरार गांव में शुक्रवार दोपहर जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान फायरिंग और मारपीट की घटना में 10 लोग घायल हो गए। घायलों में महिलाएं और एक नाबालिग लड़की भी शामिल हैं।

घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल हो गया। इसके बाद गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस ने मामले में चार लोगों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मुरार गांव में सोहनलाल और सर्वसुख पक्ष के बीच लंबे समय से जमीन के स्वामित्व और कब्जे को लेकर विवाद चल रहा था।

शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे विवादित जमीन पर कब्जे के प्रयास को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। पहले कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच फायरिंग भी हुई, जिससे गांव में अफरा-तफरी और भगदड़ मच गई।




*घायलों को अस्पताल पहुंचाती पुलिस।*

### गंभीर घायलों को किया रेफर

फायरिंग और संघर्ष में चेतराम (35), दाताराम (80), विमला देवी (40), राजन (50), जीवन (45), प्रीति (16), देशराज (40), सोहनलाल (55), पप्पू (45) और गीता देवी (48) घायल हो गए। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल छह लोगों को भरतपुर रेफर कर दिया गया, जबकि अन्य घायलों का उपचार स्थानीय अस्पताल में जारी है।

### गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात

घटना की सूचना मिलते ही कामां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए तथा पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी। गांव में किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है। जिला पुलिस अधीक्षक शरण गोपीनाथ कांबले ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। आरोप है कि एक पक्ष विवादित भूमि पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहा था, जिसका दूसरे पक्ष ने विरोध किया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया और फायरिंग की नौबत आ गई।

### 4 लोगों को किया डिटेन

एसपी ने बताया कि मामले में चार लोगों को डिटेन किया गया है तथा उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस फायरिंग में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। घटना के संबंध में विभिन्न पहलुओं से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। गांव में अब स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात रखा गया है।

## मारपीट कर सुनसान जगह पटक गए

# कबड्डी खिलाड़ी की अपहरण के बाद पीट-पीटकर हत्या

**बेधड़क** | जोधपुर



जिले के एक होटल कारोबारी के बेटे और राज्य स्तरीय कबड्डी खिलाड़ी की अपहरण के बाद बेरहमी से पिटाई कर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। बदमाश युवक को अगवा कर लाठी-डंडों और सरियों से हमला करने के बाद गंभीर हालत में सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गए। उपचार के लिए अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बिलाड़ा थाना क्षेत्र के कापरड़ा के रावर गांव निवासी मनोज (26) के रूप में हुई है। वह बीपीएड करने के बाद पीटीआई भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहा था। उसके पिता और भाई ओडिशा में हाईवे होटल का संचालन करते हैं। परिजनों के अनुसार मनोज गुरुवार रात करीब आठ बजे स्कॉर्पियो वाहन से अपने दो साथियों के साथ पाली जिले में जेसीबी खरीदने के लिए 8 लाख रुपए लेकर निकला था। शिवपुरा थाना क्षेत्र में पहुंचने पर चार-पांच वाहनों में सवार करीब 20 से 25 बदमाशों ने उनकी गाड़ी को रोक लिया। आरोपी मनोज को जबरन वाहन से उतारकर अपने साथ ले गए, जबकि उसके साथी मौके से भाग निकले। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने मनोज को बिलाड़ा थाना क्षेत्र में ले जाकर लाठी-डंडों और सरियों से बेरहमी से पीटा, जिससे उसके गंभीर चोटें आईं। बाद में आरोपी उसे लांबा गांव के पास अचेत अवस्था में छोड़कर फरार हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। एडिशनल एसपी भोपाल सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पुरानी रंजिश का मामला सामने आया है। मनोज के खिलाफ पहले भी मारपीट का एक मुकदमा दर्ज था। पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर ली है और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। घटना के विरोध में परिजन और ग्रामीण अस्पताल की मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठ गए तथा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।

# तेल फैक्ट्री पर छापा 12.49 टन तेल सीज

**बेधड़क** | पाली



राज्य सरकार के 'शुद्ध आहार, मिलावट पर वार' अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शुक्रवार को सुमेरपुर के जाखामाता रीको क्षेत्र स्थित विनायक कॉरपोरेशन सरसों तेल निर्माण इकाई पर औचक निरीक्षण कर 12,495 किलोग्राम सरसों तेल सीज किया और उसके नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेश चन्द्र शर्मा और दिलीप सिंह यादव के नेतृत्व में पहुंची टीम ने नौ दुर्गा ब्रांड के 15 किलोग्राम क्षमता वाले 533 टीन तथा ज्योति ब्रांड के 300 टीन सरसों तेल को सीज किया। निरीक्षण में सामने आया कि फैक्ट्री संचालक खीमाराम माली विभिन्न कंपनियों के खाली टीनों का उपयोग कर ज्योति एवं नौ दुर्गा ब्रांड नाम से तेल की पैकिंग कर रहा था। मौके पर गुलाब, अदानी, रानी, श्री जी, बनास और अंकुर सहित कई कंपनियों के खाली टीन बड़ी संख्या में मिले।

सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल ने बताया कि पूर्व में भी इस फर्म से लिए गए खाद्य तेल के नमूने जांच में अवमानक पाए गए थे।

## बूंदी में मदन दिलावर का बड़ा एक्शन

# 11 VDO सस्पेंड, 3 BDO पर कार्रवाई

**बेधड़क** | बूंदी



शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर के औचक निरीक्षण के बाद बूंदी जिले के पंचायतीराज विभाग में अब तक की सबसे बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की गई है। जिले की केशवरायपाटन, तालेड़ा और हिंडोली पंचायत समितियों में सफाई व्यवस्था और कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर 11 ग्राम विकास अधिकारियों (वीडीओ) को निलंबित कर दिया गया, जबकि तीन खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के तहत केशवरायपाटन के बीडीओ को निलंबित कर जयपुर मुख्यालय भेजा गया है, जबकि तालेड़ा के बीडीओ को एपीओ कर दिया गया। इसके अलावा 16 अधिकारियों के खिलाफ चार्जशीट की कार्रवाई शुरू की गई है। इनमें तीनों पंचायत समितियों के बीडीओ, नोडल अतिरिक्त विकास अधिकारी और सहायक अभियंता शामिल हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत तालेड़ा, केशवरायपाटन और हिंडोली के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर पद समाप्त कर दिए गए हैं। जिला एसबीएम कोऑर्डिनेटर की सेवाएं भी खत्म कर दी गई हैं। साथ ही तीनों पंचायत समितियों के सभी कनिष्ठ तकनीकी सहायकों को कार्यमुक्त कर दिया गया है।

प्रशासनिक स्तर पर भी कार्रवाई करते हुए जमीतपुरा, सुवास, रडी, भीया और धोबड़ा के प्रशासकों को पद से हटाया गया है, जबकि छह अन्य प्रशासकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। मंत्री दिलावर ने हाल ही में तीनों पंचायत समितियों का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था बदहाल मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई थी। इसके बाद हुई यह कार्रवाई प्रदेश में किसी एक जिले में एक साथ अधिकारियों पर की गई सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।

## अवैध पटाखों पर पुलिस का बड़ा एक्शन

# 615 किलो पटाखे जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**बेधड़क** | खैरथल



जिले में अवैध पटाखों के भंडारण के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 615 किलोग्राम पटाखे जब्त किए हैं। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। भिवाड़ी में हाल ही में अवैध पटाखा फैक्ट्री हादसे में नौ लोगों की मौत के बाद प्रशासन अवैध विस्फोटक सामग्री के खिलाफ सख्त अभियान चला रहा है। एडिशनल एसपी जया सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में खैरथल थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि आनंदनगर क्षेत्र में एक रिहायशी मकान में संचालित दुकान में भारी मात्रा में पटाखों का अवैध भंडारण किया गया है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर छापा मारा और तलाशी ली। जांच के दौरान विभिन्न कंपनियों के कुल 615 किलो पटाखे बरामद हुए, जिन्हें बिना वैध अनुमति के रखा गया था। पुलिस ने आनंदनगर निवासी नवीन कुमार पुत्र लेखराज को गिरफ्तार कर लिया। पटाखों का भंडारण घनी आबादी वाले क्षेत्र में किया गया था, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था।

## प्रतापगढ़: ऑपरेशन त्रिनेत्र में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# तस्कर की 2.50 करोड़ की अवैध संपत्ति फ्रीज

**बेधड़क** | प्रतापगढ़

जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक तस्कर की करीब 2 करोड़ 50 लाख रुपए की चल एवं अचल संपत्तियों को फ्रीज करने की प्रक्रिया शुरू की है।

यह कार्रवाई हथुनिया थाना क्षेत्र के असावता निवासी शोयब मंसूरी के खिलाफ की गई है। पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य के निर्देशन में हथुनिया थानाधिकारी उदयवीर सिंह ने शोयब मंसूरी की संपत्तियों की विस्तृत जांच कर फ्रीजिंग का प्रस्ताव तैयार किया। आवश्यक दस्तावेज नई दिल्ली स्थित सक्षम प्राधिकारी एवं प्रशासक, सफेमा (एफओपी) एवं एनडीपीएस एक्ट को भेजे गए, जहां से प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।



*कार्रवाई करती पुलिस टीम।*

### वित्तीय जांच में हुआ खुलासा

वित्तीय जांच में सामने आया कि शोयब मंसूरी ने अवैध कमाई से अपने परिवारजनों के नाम पर करोड़ों रुपए की संपत्तियां अर्जित की। जांच में असावता गांव में उसकी मां शेरबानो के नाम पर करीब 1.50 करोड़ रुपए का आलीशान मकान, रामगढ़ क्षेत्र में 1.99 और 0.11 हेक्टेयर कृषि भूमि तथा पत्नी नाजमीन के नाम पर 0.49 हेक्टेयर कृषि भूमि खरीदे जाने का खुलासा हुआ। इन संपत्तियों की वर्तमान बाजार कीमत लगभग 2.50 करोड़ रुपए आंकी गई है। सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी मिलने के बाद 11 जून 2026 को शोयब मंसूरी के खिलाफ फ्रीजिंग नोटिस जारी कर संबंधित संपत्तियों पर फ्रीजिंग बोर्ड लगाए गए। साथ ही संबंधित विभागों को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए सूचित किया गया है।

### नाकाबंदी में पकड़ा था मादक पदार्थ

मामले की शुरुआत 9 अक्टूबर 2024 को हुई थी, जब निम्बाहेड़ा पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान कार से 3 किलो 420 ग्राम एमडीएमए बरामद कर रोशनलाल विश्नोई को गिरफ्तार किया था। जांच में खुलासा हुआ कि बरामद मादक पदार्थ शोयब मंसूरी से खरीदा गया था। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच आगे बढ़ाते हुए 25 अप्रैल 2026 को शोयब मंसूरी को गिरफ्तार किया।

# गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग, मुस्लिम समाज ने निकाली रैली

**बेधड़क** | अजमेर




अजमेर दरगाह क्षेत्र से शुक्रवार को गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग को लेकर मुस्लिम एकता मंच के बैनर तले विशाल रैली निकाली गई। दरगाह बाजार से शुरू हुई रैली दिल्ली गेट पहुंची, जहां जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। रैली में मुस्लिम समाज के लोगों के साथ विभिन्न धर्मों के संत-महात्मा, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और राजनीतिक दलों के पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान गौ-तस्करी और गौ-हत्या पर सख्त प्रतिबंध लगाने तथा गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा देने की मांग उठाई गई। मुस्लिम एकता मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि देश के करोड़ों सनातन धर्मावलंबियों की गाय के प्रति गहरी आस्था है। उन्होंने सरकार से विशेष कानून बनाकर गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग करते हुए कहा कि इससे सामाजिक सौहार्द को मजबूती मिलेगी और गौ संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। वक्ताओं का कहना था कि गाय के नाम पर राजनीति करने के बजाय इसके संरक्षण के लिए ठोस और प्रभावी निर्णय लिए जाने चाहिए। जयपुर से पहुंचे संत गणेश महाराज ने मुस्लिम समाज की इस पहल की सराहना की।


Mansarovar Extension
Phase 1 & 1a - RAJ/P/2026/4802
Phase 2 - RAJ/P/2026/4867
https://rera.rajasthan.gov.in/
YOUR
OMA
MOMENT
IS CALLING
EOI starts 21st June.
Be among the first to start your story of Oma Moments.
Your Oma moment begins with a scenic 60 metre driveway. And continues with an ornate facade, state-of-the-art clubhouse submerged in surprises, luminous vistas of green punctuated with just 17% building footprint, and spacious balcony-adorned 3/4 BHKs.
PRICE FROM | RS 1.4 CR.*
Register now and enjoy launch benefits up to Rs 10.48 lakhs.
ashianahousing.com/premium-homes/jaipur/ashiana-oma
ashiana
oma
PREMIUM HOMES
88241 88241
*T&C Apply.
Artistic Impression.

निवेश का नया केंद्र बना राजस्थान... रिफाइनरी और मेट्रो से बदलती विकास की तस्वीर

# मोदी युग के 12 साल: सशक्त होता भारत, बदलता राजस्थान



सूरज सोनी
पर्यावरणविद्

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गत 12 वर्षों का कार्यकाल राजस्थान के विकास इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में याद किया जाएगा। उनके इस कार्यकाल में मरुस्थलीय प्रदेश राजस्थान ने जल संकट, ऊर्जा अभाव और आधारभूत संरचना की चुनौतियों से आगे बढ़कर निवेश, औद्योगिक विकास, अक्षय ऊर्जा, आधुनिक परिवहन और डिजिटल सशक्तीकरण के नए आयाम स्थापित किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और केंद्र सरकार के निरंतर सहयोग के परिणामस्वरूप मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गत ढाई वर्षों में राजस्थान को विकास की राष्ट्रीय धारा में अग्रणी स्थान पर पहुंचाने के सार्थक प्रयास किए हैं।

राजस्थान सदैव संभावनाओं का प्रदेश रहा है। इन संभावनाओं को वास्तविक विकास में परिवर्तित करने के लिए दूरदर्शी नेतृत्व, संसाधनों का प्रभावी उपयोग और मजबूत केंद्र-राज्य समन्वय की आवश्यकता थी। पिछले 12 वर्षों में यही समन्वय राजस्थान की विकास यात्रा की सबसे बड़ी शक्ति बनकर उभरा है। परिणामस्वरूप आज राजस्थान पर्यटन, पर्यावरण और सांस्कृतिक विरासत के साथ ऊर्जा, निवेश, औद्योगिक विकास और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भी देश के अग्रणी राज्यों में अपनी पहचान बना रहा है।

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राजस्थान को 92,496 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात दी गई। इनमें 79,459 करोड़ रुपए की एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी और 13,037.66 करोड़ रुपए की जयपुर मेट्रो फेज-2 परियोजना विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। पचपदरा में विकसित हो रही 9 मिलियन मीट्रिक टन क्षमता वाली रिफाइनरी विशाल औद्योगिक परियोजना है। यह परियोजना पश्चिमी राजस्थान के आर्थिक पुनर्जागरण की आधारशिला है। इस परियोजना से बाड़मेर, बालोतरा, जैसलमेर, जालौर और जोधपुर क्षेत्र में पेट्रोकेमिकल उद्योगों के विकास, हजारों रोजगार अवसरों और व्यापक आर्थिक गतिविधियों का मार्ग प्रशस्त होगा।

जयपुर मेट्रो फेज-2 परियोजना राजधानी जयपुर को आधुनिक शहरी परिवहन व्यवस्था प्रदान करेगी। कुल 41 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर और 36 स्टेशनों वाली यह परियोजना भविष्य के जयपुर की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। यह केवल यातायात का साधन नहीं, बल्कि आधुनिक, व्यवस्थित और पर्यावरण-अनुकूल शहरी विकास का प्रतीक बनेगी।

ऊर्जा क्षेत्र में राजस्थान को मिली उपलब्धियां विशेष उल्लेखनीय हैं। सितंबर 2025 में प्रधानमंत्री मोदी ने माही-बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा परियोजना सहित एक लाख आठ हजार करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शुभारंभ किया। यह परियोजना राज्य की ऊर्जा सुरक्षा को दीर्घकालिक मजबूती प्रदान करेगी। दूसरी ओर, भड़ला सौर पार्क और राज्यभर में विकसित सौर एवं पवन ऊर्जा परियोजनाओं ने राजस्थान को देश की अक्षय ऊर्जा राजधानी के रूप में स्थापित किया है। आज देश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता में राजस्थान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो चुकी है।

निवेश के क्षेत्र में राजस्थान ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने कार्यकाल के पहले वर्ष ही राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन किया और इसमें 35 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। यह इस बात का प्रमाण है कि देश और दुनिया के निवेशकों का विश्वास राजस्थान में लगातार बढ़ रहा है। प्रस्तावित निवेश में से प्रधानमंत्री मोदी की उद्योग-अनुकूल नीतियों, बेहतर आधारभूत संरचना और राज्य सरकार की सक्रिय पहल ने राजस्थान को निवेश का आकर्षक गंतव्य बना दिया है। यह निवेश आने वाले वर्षों में लाखों युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित करेगा।

राजस्थान के विकास की सबसे बड़ी चुनौती हमेशा जल रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इस दिशा में भी ऐतिहासिक पहलें हुई हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा हजारों करोड़ रुपए की सहायता उपलब्ध कराई गई है। हाल ही में 4,800 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि ने इस मिशन को नई गति प्रदान की है। आज लाखों ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुंचाने का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।

राम जल सेतु लिंक परियोजना राजस्थान की जल सुरक्षा का नया अध्याय है। प्रदेश के 17 जिलों के लगभग 3.25 करोड़ लोगों को पेयजल और सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने वाली यह परियोजना प्रदेश के भविष्य को बदलने की क्षमता रखती है। कुल 2,330 करोड़ रुपए की लागत से चंबल नदी पर बन रहा 2,280 मीटर लंबा राम जल सेतु इंजीनियरिंग संरचना का एक नायाब नमूना बन रहा है। यह राजस्थान की जल आवश्यकताओं के स्थायी समाधान का प्रतीक है।

इसी प्रकार यमुना जल समझौते को आगे बढ़ाकर दशकों पुरानी शेखावाटी क्षेत्र की समस्या के समाधान का मार्ग प्रशस्त हुआ है। सीकर, झुंझुनूं और चूरू जिलों के लगभग तीन लाख किसानों को इससे लाभ मिलेगा। यह समझौता किसानों की समृद्धि और कृषि विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

सड़क, रेल और हवाई संपर्क के क्षेत्र में राजस्थान ने नई ऊंचाइयों को छुआ है। भारतमाला परियोजना और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे ने राज्य को देश के प्रमुख आर्थिक गलियारों से जोड़ दिया है। प्रमुख रेल मार्गों का विद्युतीकरण, वंदे भारत ट्रेनों का संचालन और अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण राजस्थान को आधुनिक परिवहन नेटवर्क से जोड़ रहा है। जयपुर, उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर, किशनगढ़ और जैसलमेर हवाई अड्डों के विस्तार ने पर्यटन और व्यापार दोनों को नई गति प्रदान की है।

डिजिटल इंडिया अभियान का लाभ राजस्थान के गांवों तक पहुंचा है। भारतनेट परियोजना के माध्यम से हजारों ग्राम पंचायतों को डिजिटल नेटवर्क से जोड़ा गया है। ई-गवर्नेंस, ऑनलाइन शिक्षा, डिजिटल भुगतान और टेलीमेडिसिन जैसी सेवाएं अब दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच रही हैं। इससे ग्रामीण और शहरी राजस्थान के बीच की डिजिटल दूरी तेजी से कम हुई है।

सामाजिक विकास के क्षेत्र में भी परिवर्तन स्पष्ट दिखाई देता है। आयुष्मान भारत योजना ने लाखों परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लाखों परिवारों को पक्के घर मिले हैं। उज्ज्वला योजना ने महिलाओं के जीवन में सम्मान और सुविधा का नया अध्याय जोड़ा है। किसान सम्मान निधि ने किसानों को आर्थिक संबल प्रदान किया है। इन योजनाओं ने विकास को वास्तव में जन-केंद्रित बनाया है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण को भी नई प्राथमिकता मिली है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम और महाकाल लोक जैसे राष्ट्रीय स्तर के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रभाव राजस्थान के धार्मिक पर्यटन पर भी पड़ा है। खाटूश्यामजी, सालासर बालाजी, श्रीनाथजी, मेहंदीपुर बालाजी, पुष्कर और अन्य धार्मिक स्थलों पर बढ़ती श्रद्धालु संख्या ने स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा प्रदान की है। राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर नई प्रतिष्ठा मिली है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास को राष्ट्रीय प्राथमिकता दी गई है। मिशन लाइफ के माध्यम से पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली को बढ़ावा दिया गया। अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन की स्थापना से स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में भारत वैश्विक नेतृत्वकर्ता बना। देश में सौर ऊर्जा क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है तथा नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन को प्रोत्साहन मिला है। नमामि गंगे, स्वच्छ भारत मिशन, ग्रीन हाइड्रोजन मिशन और बड़े पैमाने पर पौधारोपण अभियानों ने जल, वायु और पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा दी है। इन प्रयासों ने सतत विकास और पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। वास्तव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्ष राजस्थान के लिए केवल विकास परियोजनाओं के वर्ष नहीं रहे, बल्कि नई संभावनाओं, नए आत्मविश्वास और नए संकल्पों के वर्ष रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में गत ढाई वर्षों में डबल इंजन सरकार के कार्यकाल में जल से ऊर्जा तक, सड़क से डिजिटल कनेक्टिविटी तक, निवेश से रोजगार तक और सांस्कृतिक विरासत से आधुनिक विकास तक राजस्थान ने बहुआयामी प्रगति का अनुभव किया है। यही कारण है कि आज राजस्थान विकसित भारत-2047 के संकल्प का एक सशक्त आधार बनकर उभर रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> *पुरुषों और लड़कों को भी इस परिवर्तन प्रक्रिया का भाग बनाया जाए। केवल महिलाओं को जागरूक करने से समस्या का समाधान नहीं होगा, समाज की सोच में परिवर्तन लाना होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने, शिक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ाने तथा कानूनी सहायता उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। पुलिस और प्रशासन को महिलाओं से जुड़े मामलों में अधिक संवेदनशील और उत्तरदायी बनाना होगा। कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा ताकि अपराधियों में दंड का भय उत्पन्न हो और पीड़ित महिलाओं को न्याय प्राप्त हो सके। साथ ही यह भी आवश्यक है कि महिलाओं के अवैतनिक श्रम को राष्ट्रीय आर्थिक विमर्श का हिस्सा बनाया जाए।*



व्यंग्य

## दानपेटी के पुण्य में चोर की हिस्सेदारी



सूर्यदीप कुशवाहा
व्यंग्यकार

आजकल मंदिरों में भगवान से ज्यादा भरोसा सुरक्षा कैमरों पर करना पड़ता है। भक्त अपनी गाढ़ी कमाई का एक हिस्सा इस उम्मीद में दानपेटी में डालता है कि उसका परलोक सुधर जाएगा। लेकिन उसे क्या पता कि उसका यह पुण्यलोक कहीं चोरों की जेब का फ्री राशन कार्ड बन रहा है। भगवान तो गर्भगृह में चुपचाप बैठे सब देखते रहते हैं, पर वे भी आजकल कुछ बेबस से लगते हैं। शायद वे सोचते होंगे कि जो इंसान खुद को मेरा सबसे बड़ा भक्त बताता है, वही मेरे घर में हाथ साफ कर रहा है। चोरी की यह कला भी बड़ी अनोखी है। आम जगहों पर चोरी करने के लिए जिगरा चाहिए होता है, लेकिन मंदिर में चोरी करने के लिए सिर्फ मोटी चमड़ी और मरी हुई आत्मा काफी है। मंदिर चोर भी बड़े धार्मिक किस्म के होते हैं। वे चोरी से पहले भगवान के सामने हाथ जोड़कर शायद यही प्रार्थना करते होंगे 'हे प्रभु! आज के माल में थोड़ा ज्यादा हिस्सा बिना किसी विवाद के हाथ लग जाए तो अगली बार वीआईपी प्रसाद जरूर चढ़ाऊंगा।' यह सीधे-सीधे भगवान के साथ पार्टनरशिप करने की कोशिश है। वाह रे कलयुग के दानपेटी चोर! अब भगवान से भी मुनाफे में हिस्सेदारी मांगने लगे हैं। पहले लोग भगवान के सामने अपने पापों की माफी मांगने जाते थे, लेकिन आज के कुछ वीआईपी चोर भगवान के घर से उनका बजट ही साफ कर आते हैं। शायद उन्हें लगता है कि भगवान तो अंतर्यामी हैं, उन्हें कागजी नोटों की क्या जरूरत! सीसीटीवी कैमरे भी हैरान होंगे कि जो इंसान कैमरों के पीछे बैठे लोगों से नहीं डरता, वह उस भगवान से कैसे डर जाएगा जो बिना कैमरे के सब कुछ देख रहा है। सबसे मजेदार बात यह है कि मंदिर समितियां करोड़ों रुपए के दान की गिनती के लिए आधुनिक मशीनें लगाती हैं। लेकिन जैसे ही व्यवस्था में थोड़ी ढील आती है, भगवान के खाते का बड़ा हिस्सा गायब हो जाता है। फिर पुलिस आती है, जांच होती है, बयान दिए जाते हैं और अंततः मामला किसी न किसी बहाने रफा-दफा हो जाता है। असल में मंदिर के भीतर होने वाली यह चोरी सिर्फ पैसों की चोरी नहीं है, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था और विश्वास की डकैती है। भगवान के घर में लगाई गई यह सेंध बताती है कि इंसान का डर अब भगवान से लगभग खत्म हो चुका है। उसे यमराज के कोड़ों से ज्यादा पुलिस के डंडे का डर है और पुलिस को कैसे संभालना है, यह हुनर भी कई चोरों को बखूबी आता है। उधर कुछ पुजारी भी मोटे नोट देखकर भगवान के सामने का पर्दा थोड़ा ज्यादा खोल देते हैं। इस पूरी साझेदारी में ईश्वर को मानो एक मूकदर्शक मान लिया गया है। लोग सोचते हैं कि दानपेटी में डाला गया सिक्का उनके सारे पाप धो देगा। इस धोखेबाजी को वे अपनी चतुराई समझते हैं, लेकिन भूल जाते हैं कि जिस ईश्वर से वे पुण्य की सेटिंग करने निकले हैं, उसके दरबार में रिश्वत की कोई खिड़की नहीं होती। वहां हर पाखंड, हर छल और हर चोरी का सीधा तथा सख्त हिसाब होता है। इसलिए दानपेटी में चढ़ाया गया धन भले किसी चोर की जेब तक पहुंच जाए, लेकिन कर्मों का हिसाब-किताब अभी भी भगवान के ही पास सुरक्षित है।

X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
भारत की नारीशक्ति राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। हमारी माताएं, बहनें और बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी अद्भुत प्रतिभा और कौशल से मां भारती का गौरव बढ़ा रही हैं। नारी त्रैलोक्यजननी, नारी त्रैलोक्यरूपिणी। नारी त्रिभुवनाधारा, नारी शक्तिस्वरूपिणी॥



**अमित शाह,** केंद्रीय गृह मंत्री
@AmitShah
मोदी सरकार का 'Women-led development' मॉडल नारी शक्ति के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तीकरण का नया अध्याय लिख रहा है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' से लेकर उज्ज्वला योजना के 10 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन और 12 करोड़ से अधिक शौचालयों तक, महिलाओं के सम्मान और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। मुद्रा योजना से 70% महिलाओं को बिना गारंटी लोन देकर स्वरोजगार से जोड़ा गया। 'लखपति दीदी', 'करोड़पति दीदी' और स्वयं सहायता समूहों ने उन्हें आर्थिक आत्मनिर्भर बनाया। वहीं, नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने राजनीति में महिलाओं की 33% भागीदारी का मार्ग प्रशस्त किया है।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanlalBjp
आदरणीय प्रधानमंत्री @narendramodi जी के संकल्प 'एक पेड़ मां के नाम' को ध्येय बनाकर राजस्थान निरंतर पर्यावरण संरक्षण की ओर अग्रसर है। हमारी सरकार ने 5 वर्षों में 50 करोड़ पौधे लगाने का जो लक्ष्य तय किया था, उसमें से 20 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं और इस वर्ष भी 10 करोड़ पौधे रोपने का महा-अभियान जारी है। मेरी किसान भाइयों सहित प्रदेश के समस्त नागरिकों से अपील है कि प्रकृति के इस महायज्ञ में सहभागी बनें और एक पौधा अवश्य लगाएं।

**लेखकों से आग्रह है...**
वे 'सच बेधड़क' में प्रकाशन के लिए अपने लेख, कविता, कहानी, व्यंग्य आदि रचनाएं हमें Editor@sachbedhadakdaily.com पर ई मेल करें। साथ में रचना के अप्रकाशित होने का स्वघोषणा पत्र भी भेजें।

नॉलेज कॉर्नर: अभिभावकों का व्यवहार गढ़ता है बच्चों की सामाजिक समझ और व्यक्तित्व

# बच्चे वही सीखते हैं जो घर में देखते हैं

बच्चों के व्यवहार और सामाजिक कौशल के निर्माण में परिवार की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। विशेषज्ञों के अनुसार बच्चे केवल बातें सुनकर ही नहीं, बल्कि अपने आसपास के वयस्कों को देखकर भी सीखते हैं। यही कारण है कि घर का माहौल और माता-पिता का आचरण बच्चों के व्यक्तित्व पर गहरा प्रभाव डालता है। स्कूलों में अक्सर बच्चे एक-दूसरे को धमकी देते या भावनात्मक दबाव बनाते दिखाई देते हैं। जैसे 'मेरी बात नहीं मानी तो दोस्ती खत्म' या 'टिफिन नहीं दिया तो साथ नहीं खेलूंगा।' विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे व्यवहार की जड़ें अक्सर घर के वातावरण में होती हैं। अधिक जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### अनुकरण से बनती है व्यवहार की नींव

मनोवैज्ञानिक शोध बताते हैं कि बच्चे अपने जीवन के प्रभावशाली वयस्कों की नकल करते हैं। प्रसिद्ध 'बोबो डॉल' अध्ययन ने भी साबित किया कि आक्रामक व्यवहार देखने वाले बच्चे स्वयं अधिक आक्रामक हो सकते हैं। शुरुआती उम्र में देखे गए व्यवहार बच्चों के मन पर सबसे गहरी छाप छोड़ते हैं।



### नकारात्मक व्यवहार के दूरगामी परिणाम

दूसरों को डराकर या दबाव डालकर अपनी बात मनवाने वाले बच्चों में आगे चलकर अवसाद, आक्रामकता, नियम तोड़ने की प्रवृत्ति और नशे जैसी समस्याओं का जोखिम बढ़ सकता है। वहीं बार-बार आलोचना, अपमान या 'साइलेंट ट्रीटमेंट' देखने वाले बच्चे भी रिश्तों में ऐसे ही तरीके अपनाने लगते हैं। यदि बच्चे बड़ों को धमकी, आलोचना या उपेक्षा जैसे तरीकों का इस्तेमाल करते देखते हैं, तो वे भी इन्हें अपनाने लगते हैं।

### सम्मान और सहयोग का उदाहरण बनें

विशेषज्ञों का कहना है कि माता-पिता यदि एक-दूसरे से सम्मानपूर्वक बात करें, धन्यवाद दें, प्रशंसा करें और सहयोग की भावना दिखाएं, तो बच्चे भी स्वस्थ सामाजिक व्यवहार सीखते हैं। परिवार में सकारात्मक संवाद बच्चों को दयालु, संवेदनशील और आत्मविश्वासी बनाता है। बच्चे उपदेशों से ज्यादा उदाहरणों से सीखते हैं। इसलिए अभिभावकों की जिम्मेदारी केवल बच्चों को निर्देश देना नहीं, बल्कि सम्मान, सहयोग, कृतज्ञता और संवेदनशीलता का व्यावहारिक मॉडल प्रस्तुत करना भी है। शुरुआती वर्षों में मिली यह सीख बच्चों को भविष्य में बेहतर नागरिक और स्वस्थ संबंध बनाने वाला इंसान बनने में मदद करती है।

**सबसे बड़ी पाठशाला**

*बच्चों का व्यक्तित्व घर की छोटी-छोटी बातों से आकार लेता है। माता-पिता का व्यवहार ही उनके लिए सबसे बड़ी पाठशाला है। इसलिए यदि हम चाहते हैं कि बच्चे सम्मानजनक, सहानुभूतिपूर्ण और सकारात्मक व्यवहार अपनाएं, तो इसकी शुरुआत घर से और स्वयं के आचरण से करनी होगी।*

कंटेंट: रघुवीर जांगिड़


मौसम विभाग नहीं, ज्योतिषीय आकलन: वर्षाकाल का शुभारंभ 22 से

# इस बार 56 दिन बरसेंगे बादल सावन के महीने में होगी झमाझम

बेधड़क | जयपुर

मानसून के आगमन को लेकर उत्सुकता के बीच इस वर्ष वर्षाकाल 22 जून से शुरू होने जा रहा है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार मानसून सामान्य रहने के संकेत हैं, हालांकि बारिश का वितरण सभी क्षेत्रों में समान नहीं रहेगा। चार महीनों के वर्षाकाल में कुल 56 दिन वर्षा के योग बन रहे हैं, जिनमें सावन माह में सबसे अधिक बारिश होने की संभावना जताई गई है। वहीं कुछ इलाकों में भारी बारिश और बाढ़ तो कुछ क्षेत्रों में कम वर्षा एवं सूखे जैसे हालात भी देखने को मिल सकते हैं।

ज्योतिषाचार्य डॉ. अनीष व्यास ने बताया कि सूर्य के आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश के समय बनने वाली कुंडली से मानसून का आकलन किया जाता है। इस वर्ष 22 जून को दोपहर 12.26 बजे सूर्य के आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश के समय कन्या लग्न उदय होगा। लग्न में चंद्रमा की उपस्थिति वर्षा के लिए शुभ संकेत देती है, लेकिन शनि की दृष्टि और शुष्क राशियों का प्रभाव बारिश के असमान वितरण की ओर इशारा करता है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार जून से सितंबर तक मंगल का सूर्य से पीछे रहना वर्षा के लिए अनुकूल माना गया है। वहीं गुरु और शनि का जल तत्व राशियों में गोचर सामान्य मानसून की पुष्टि करता है, लेकिन अगस्त-सितंबर में कुछ क्षेत्रों में वर्षा घटने की संभावना भी जताई गई है।




### कृषि के लिए मिश्रित संकेत

यह पूर्वानुमान किसानों के लिए राहत भरा माना जा रहा है। बाजरा, मूंग, मोठ, ग्वार और तिल जैसी खरीफ फसलों को पर्याप्त नमी मिलने की संभावना है। सावन की अधिक वर्षा रेगिस्तानी क्षेत्रों में हरियाली बढ़ा सकती है, हालांकि असमान बारिश से कुछ क्षेत्रों में फसलों को नुकसान भी संभव है। कुल मिलाकर इस वर्ष मानसून संतुलित तो रहेगा, लेकिन क्षेत्रीय स्तर पर उतार-चढ़ाव की स्थिति देखने को मिल सकती है।

### चार महीनों का वर्षा वितरण

आषाढ़ में 13 दिन, सावन में 16 दिन, भाद्रपद में 15 दिन और आश्विन में 12 दिन वर्षा के योग बन रहे हैं। कुल 56 वर्षा दिवसों में 35 दिन उत्तम, 13 दिन मध्यम और 8 दिन मंद वर्षा के संकेत हैं।

### कहीं बाढ़ तो कहीं सूखे की स्थिति

16 जुलाई से 15 अगस्त के बीच गुरु और सूर्य की युति के कारण मध्य भारत के छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और ओडिशा में भारी वर्षा और बाढ़ जैसी स्थिति बन सकती है। वहीं पश्चिमी और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में कम वर्षा से सूखे की आशंका बनी रहेगी।

### ज्योतिषीय दृष्टि से इस साल राजस्थान में वर्षा के योग

- पूर्वी राजस्थान जैसे जयपुर, कोटा और भरतपुर में अच्छी बारिश के संकेत हैं।
- पश्चिमी राजस्थान जैसे जैसलमेर, बाड़मेर और जोधपुर में कम बारिश और सूखे जैसे हालात बन सकते हैं।
- कुछ जगहों पर तेज बारिश से जलभराव और कहीं-कहीं हल्की बारिश भी देखने को मिल सकती है।
- कुल मिलाकर मौसम मिला-जुला रहेगा और खेती पर इसका असर क्षेत्र अनुसार अलग-अलग होगा।

श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन चैत्यालय में धर्म सभा

# धर्म केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जीवन का मुख्य उद्देश्य

बेधड़क | जयपुर

धर्म को भी कर्मठता से करना चाहिए, तभी जीवन में सच्चा पुण्य प्राप्त होता है और उसी से सरस्वती व लक्ष्मी की कृपा सहज मिलती है। यह मंगल वचन जैन आचार्य सुंदर सागर महाराज ने बापू नगर स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन चैत्यालय गणेश मार्ग में शुक्रवार को धर्म सभा में कहे।

उन्होंने कहा कि जैसे मनुष्य संसारिक कार्यों में पूर्ण परिश्रम करता है वैसे ही धर्म साधना में भी पूरी निष्ठा आवश्यक है, क्योंकि बिना धर्म के जीवन में स्थायी सुख संभव नहीं है।

आचार्यश्री ने कहा कि आज का मनुष्य व्यापार और भौतिक कार्यों में तो पूरी शक्ति लगाता है, लेकिन आत्म कल्याण के मार्ग में आलस्य कर देता है। उन्होंने चेतावनी दी कि धर्म केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जीवन का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। कर्म और पुण्य के बिना न तो समृद्धि स्थायी रहती है और ना ही शांति प्राप्त होती है। धर्म सभा में 34 मुनिराजों और आर्यिका माताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।



जैन आचार्य सुंदरसागर महाराज के चरण पखारते श्रद्धालु।

### आचार्य का किया पाद प्रक्षालन

कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से हुई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्री मुनि संघ सेवा समिति के अध्यक्ष राजीव जैन और उनकी धर्मपत्नी सीमा जैन (गाजियाबाद) ने अपने पौत्र के साथ आचार्य का पाद प्रक्षालन कर पुण्य अर्जित किया। सभा का संचालन रवि सेठी ने किया। समाज के गणमान्य सदस्य रवींद्र कुमार बैनाड़ा, आलोक जैन, नवीन संघी, आशीष झंडेवाला, ज्ञानचन्द झांझरी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। आचार्य को शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य अशोक पाटनी और सुभाष पाटनी को मिला। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन मनोज झांझरी, रमेश बोहरा और सूरज अजमेरा ने किया। धर्म सभा के पश्चात आचार्य का आहार सुरेन्द्र मोदी व सुलोचना मोदी के निवास पर संपन्न हुआ, जबकि अन्य मुनिराजों एवं आर्यिका माताओं की आहार चर्या विभिन्न श्रद्धालु परिवारों के निवास पर विधिपूर्वक संपन्न हुई।


## आज का पंचांग

- शुभ वि. सं. : 2083 • हिजरी सन: 1447 • ऋतु: ग्रीष्म ऋतु
- संवत्सर का नाम: रौद्र • मास: द्वितीय ज्येष्ठ (अधिक मास) • पक्ष: कृष्ण
- शाके संवत: 1948 • अयन: सूर्य उत्तरायण

### आज का दिन

शनिवार, 13 जून, 2026

सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति




**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज शुभ का चौघड़िया सुबह 7.19 से 9.02 बजे तक है। बाद में चर का दोपहर 12.27 से 2.09 बजे तक, फिर लाभ-अमृत का दोपहर 2.09 से 5.34 बजे तक है। इनमें शुभ कार्य कर सकते है।

**अभिजीत:** आज 11.53 से 12.48 बजे तक है।

**तिथि:** त्रयोदशी तिथि शाम 4.08 बजे तक है। इसके बाद में चतुर्दशी तिथि रहेगी।

दिशाशूल: पूर्व दिशा में रहेगा।

**चंद्रमा:** आज मेष राशि में सुबह 9.25 बजे तक, फिर वृष राशि में रहेगा।

**राहु काल:** आज सुबह 9.00 से 10.30 बजे तक रहेगा।

**नक्षत्र:** कृत्तिका रात 1.17 बजे तक, फिर रोहिणी नक्षत्र रहेगा।

**योग:** सुकर्मा योग शाम 5.28 बजे तक, फिर धृति योग रहेगा।

### शुभाशुभ ज्ञान

भद्रा शाम 4.08 बजे से रात 2.14 बजे तक, द्वितीय शनिवार, मास शिवरात्रि, सर्वार्थसिद्धि एवं अमृतसिद्धि योग रात 1.17 से सूर्योदय तक।

-पं. अवधेश शर्मा

## शहर में आज

- सूर्य नगर तारों की कूट स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में णमोकार महामंत्र का अखण्ड पाठ सुबह 7.30 बजे।
- जेएलएन मार्ग स्थित जवाहर कला केन्द्र में जूनियर समर कैंप सुबह 8 बजे।
- गणेश मार्ग, बापू नगर स्थित पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन चैत्यालय में जैन आचार्य सुंदर सागर महाराज की धर्म सभा सुबह 8 बजे।

### कदम्ब डूंगरी में संस्कार दास की चादरपोशी

**जयपुर।** शारदा पीठाधीश्वर सीताराम दास महाराज कदम डूंगरी के देवलोक गमन के पश्चात शुक्रवार को कदम डूंगरी शिवालय में चादर विधि एवं चरण पादुका स्थापना कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर संस्कार दास महाराज की चादरपोशी की गई। इससे पूर्व ब्रह्मलीन सीताराम दास महाराज की चरण पादुका को सीतारामजी मंदिर परिसर कदम्ब डूंगरी में विराजमान किया गया।

श्रीमद्भागवत कथा के दौरान मनाया श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

# नंदोत्सव में गूंजा 'यशोदा मैया दे दो बधाई, गोकुल में आई बहार...'



बेधड़क | जयपुर

गलता गेट स्थित मंदिर श्री गीता गायत्री में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। कथा के दौरान वृंदावन धाम के प्रसिद्ध कथावाचक पंडित श्याम नारायण शास्त्री ने जब भावपूर्ण भजन जरा सर को झुकाओ वासुदेवजी... का गायन किया, तब वासुदेव ने सिर झुकाकर बालकृष्ण के दिव्य दर्शन कराए। बालकृष्ण के प्राकट्य का दृश्य देखते ही पूरा पंडाल भक्ति रस में सराबोर हो गया। इस दौरान यशोदा मैया दे दो बधाई, गोकुल में आई बहार... और यशोदा के हुआ लाला.. जैसे भजनों ने प्रस्तुत किए गए। मंदिर के पं. राजकुमार चतुर्वेदी और प्रवक्ता नीतीश चैतन्य चतुर्वेदी ने बताया कि जन्मोत्सव के लिए मंदिर प्रांगण को रंग-बिरंगी झालरों, आकर्षक पताकाओं और गुब्बारों से विशेष रूप से सजाया गया था।

### सीतारामजी मंदिर में गूंजे बधाई गीत



छोटी चौपड़ स्थित मंदिर श्री सीतारामजी में चल रही नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। आशीष महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य जन्म का वर्णन करते हुए बताया कि देवकी के गर्भ से जन्म लेने के बाद वासुदेवजी बालकृष्ण को गोकुल में नंद बाबा और यशोदा मैया के घर ले गए, जहां उनका पालन-पोषण हुआ। कृष्ण जन्म का प्रसंग आते ही मंदिर परिसर बधाई गीतों, भजनों और जयकारों से गूंज उठा। महाराज ने पूतना वध, बकासुर और अघासुर के उद्धार सहित भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन किया। इस अवसर पर 121 पोथियों के आचार्यों का सम्मान किया गया। रामबाबू झालानी ने बताया कि महंत नंदकिशोर के निर्देशन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर कथा में धर्म और संस्कारों से जुड़ने का संदेश ग्रहण किया।

# 17 जून से फिर शुरू होंगे मांगलिक कार्य

बेधड़क | जयपुर

पुरुषोत्तम (अधिक) मास का समापन 15 जून को होगा, जिसके बाद फिर से विवाह और अन्य मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाएंगे। लगभग एक माह तक शुभ कार्यों पर विराम रहने के कारण अब जून और जुलाई में विवाह सीजन के चलते पूरे प्रदेश में तैयारियों का माहौल तेज हो गया।

ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा के अनुसार 17 जून से मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो जाएगी, जबकि विवाह के शुभ मुहूर्त 19 जून से प्रारंभ होंगे। निर्णय सागर और बृज भूमि पंचांग के अनुसार 25 जुलाई को देवशयनी एकादशी तक विवाह, मुंडन, यज्ञोपवीत, कर्णवेध, गृह प्रवेश और नए व्यवसायों की शुरुआत जैसे कार्य किए जा सकेंगे। इसके बाद चार माह तक सभी मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाएगा। ज्योतिषाचार्य पं. पुरुषोत्तम गौड़ के अनुसार इस अवधि में जून और जुलाई में कुल लगभग 20 प्रमुख विवाह मुहूर्त हैं। जून माह में 19, 20, 22, 23, 24, 26, 27 और 29 जून को तथा जुलाई में 1, 3, 4, 6, 7, 8, 9, 11 और 12 जुलाई को विवाह के मुहूर्त हैं। 22 जून को अबूझ सावा होने के कारण इस दिन बड़ी संख्या में विवाह संपन्न होने की संभावना है।

### विवाह समारोहों की रहेगी धूम

ग्रामीण क्षेत्रों में इस समय विवाह समारोहों की विशेष धूम देखने को मिलेगी। फसल कटाई के बाद किसानों के पास समय और आर्थिक सुविधा होने के कारण गांवों में शादियों की संख्या अधिक रहती है। शहरों में भी विवाह होंगे, लेकिन उनकी संख्या अपेक्षाकृत कम रहने का अनुमान है।

# 'वास्तविक सुख आत्मा की पवित्रता में'

बेधड़क | जयपुर



अजमेर रोड स्थित चंद्रपुरी दिगंबर जैन मंदिर बड़ के बालाजी में शुक्रवार को आयोजित धर्म सभा में आचार्य वर्धमान सागर महाराज ने श्रद्धालुओं से कहा कि मनुष्य जीवन केवल भोग-विलास या सांसारिक सुखों के लिए नहीं मिला है, बल्कि इसका मुख्य उद्देश्य आत्मा को समझना और आत्म कल्याण करना है। क्रोध, अहंकार, ईर्ष्या, लोभ और मोह जैसे भाव मनुष्य के कर्मों को बंधन में डालते हैं, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने मन और व्यवहार को शुद्ध रखना चाहिए।

आचार्य ने कहा कि बाहरी वस्तुओं से मिलने वाला सुख क्षणिक होता है, जबकि वास्तविक सुख आत्मा की पवित्रता और मन की शांति में निहित है। उन्होंने भगवान के जीवन का उदाहरण देते हुए बताया कि भगवान ने राग-द्वेष, मोह और अहंकार का त्याग कर आत्मा को शुद्ध किया, जिसके कारण उन्हें अनंत ज्ञान और शांति प्राप्त हुई। समवसरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आचार्य ने कहा कि भगवान के समवसरण में सभी जीव समान माने जाते हैं, वहां किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होता।

# स्वयं से ही करें परिवर्तन की शुरुआत

बेधड़क | जयपुर



किरण पथ, मानसरोवर स्थित वेदना निवारण केन्द्र में चल रही श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा में शुक्रवार को प्रेरणादायी प्रसंगों का वाचन किया गया। व्यासपीठ से गोपाल स्वामी ने जीवन परिवर्तन पर महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा कि लाखों राम और करोड़ों कृष्ण भी उस व्यक्ति का भला नहीं कर सकते जो स्वयं बदलने के लिए तैयार नहीं है। परिवर्तन की शुरुआत स्वयं से करनी होती है, क्योंकि बाहरी प्रयास तभी सफल होते हैं जब व्यक्ति भीतर से सुधार का संकल्प ले। उन्होंने युग ऋषि के संदेश हम बदलेंगे-युग बदलेगा, हम सुधरेंगे-युग सुधरेगा को जीवन का आधार बताया। इस अवसर पर गायत्री परिवार राजस्थान के मुख्य ट्रस्टी ओमप्रकाश अग्रवाल, गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ के मुख्य ट्रस्टी धर्म सिंह राजावत तथा वेदना निवारण केन्द्र के व्यवस्थापक आरडी गुप्ता सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। सभी ने वेदमाता गायत्री एवं गुरु सत्ता के चित्र के समक्ष विधिवत पूजन कर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

गौ माता के सम्मान के लिए अद्भुत समर्पण

# 20 से अधिक युवकों ने केश त्याग लिया गौ सेवा का संकल्प

बेधड़क | जयपुर

आधुनिक दौर में जहां युवा अपने व्यक्तित्व और आकर्षक रूप-रंग को लेकर विशेष सजग रहते हैं, वहीं गौ माता के सम्मान और संरक्षण के लिए 20 से अधिक युवाओं ने अपने केशों का त्याग कर समाज के सामने समर्पण और सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। युवाओं ने मुंडन संस्कार कर संकल्प लिया कि आगामी दो माह तक उनका चिंतन, मनन और पुरुषार्थ केवल गौ माता की सेवा, सुरक्षा और सम्मान के लिए समर्पित रहेगा।

यह दृश्य सांगानेर स्थित पिंजरापोल गोशाला के सुरभि भवन में आयोजित तीन दिवसीय गौ कथा के दूसरे दिन देखने को मिला। कामधेनु गौ भक्त महिला मंडल जयपुर के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में गौ, पर्यावरण एवं अध्यात्म चेतना पदयात्रा के प्रणेता तथा श्री गोपाल परिवार के संस्थापक ग्वाल संत गोपाल महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित किया।




### मुंडन संस्कार त्याग व शुद्धि का प्रतीक

संत गोपाल महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कृति में मुंडन संस्कार त्याग, शुद्धि, समर्पण और नए जीवन संकल्प का प्रतीक माना जाता है। यह किसी प्रकार का विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि स्वयं को किसी महान उद्देश्य के लिए समर्पित करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति किसी विशेष लक्ष्य के लिए क्षौर कर्म कराता है, तब वह अपने अहंकार और व्यक्तिगत पहचान से ऊपर उठकर केवल कर्तव्य भावना को स्वीकार करता है। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में युवाओं ने समय-समय पर राष्ट्र और समाजहित में त्याग किए हैं। इन युवाओं का यह कदम केवल बालों का त्याग नहीं, बल्कि अपने अहं, आकर्षण और व्यक्तिगत आग्रहों को गौ सेवा के महान उद्देश्य के चरणों में समर्पित करने का संकल्प है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गौ भक्त, संत-महात्मा, सामाजिक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### जनजागरण यात्रा पर रवाना हुए गौ सेवक

विशेष क्षौर कर्म एवं मुंडन संस्कार के बाद गौ सम्मान आह्वान अभियान से जुड़े युवा बिहार, त्रिपुरा, मेघालय, मणिपुर, असम, नागालैंड, तेलंगाना, केरलम और तमिलनाडु सहित देश के विभिन्न राज्यों के लिए रवाना हुए। ये युवा दो माह तक गांव-गांव और शहर-शहर पहुंचकर गौ संरक्षण, गौ संवर्धन और गौ सम्मान का संदेश जन-जन तक पहुंचाएंगे। साथ ही 27 जुलाई को जिला मुख्यालयों पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्रियों के नाम ज्ञापन सौंपने के लिए जनसमर्थन भी जुटाएंगे। गौ भक्त विभिन्न राज्यों से गौ माता के समर्थन में समर्थन जुटाने के लिए अलग-अलग टीमें बनाकर रवाना हो चुके हैं।

# योग दिवस: पोस्टर का विमोचन



बेधड़क | जयपुर

जैन समाज की सेवाभावी जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन नॉर्दर्न रीजन के तत्वावधान में जैन सोशल ग्रुप महानगर एवं जैन सोशल ग्रुप अरिहंत की ओर से आयोजित होने वाले आगामी विश्व योग दिवस कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन शुक्रवार को महावीर शिक्षा परिषद के अध्यक्ष उमरावमल सांघी एवं मंत्री सुनील बक्शी ने किया। रीजन चेयरमैन राजीव पाटनी ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डॉ. राजीव जैन एवं अंजू जैन हैं। आयोजन में नॉर्दर्न रीजन से जुड़े सभी जैन सोशल ग्रुप्स के सदस्य सक्रिय रूप से भाग लेंगे। योग के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के लिए यह कार्यक्रम किया जाएगा। इस अवसर पर चेयरमैन-इलेक्ट सुभाष बज, तरुण जैन, सुशील कासलीवाल, विनीत जैन, अशोक झांझरी, सुनील गोधा, प्रमोद गंगवाल, मुकेश पाटनी सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन की सफलता और योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

## पूर्व सीएम विजयन की बेटी को फिर समन जारी



**कोच्चि।** खनिज कंपनी सीएमआरएल से जुड़े धन शोधन मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केरलम के पूर्व सीएम पिनराई विजयन की बेटी वीणा टी. को फिर से समन जारी कर उन्हें 17 जून को पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है। ईडी ने इससे पहले वीणा को शुक्रवार को अपनी कोच्चि इकाई के समक्ष पेश होने को कहा था।

## केरलम: कॉलेज छात्राओं को हर माह 1,000 रुपए

**तिरुवनंतपुरम।** केरलम के उच्च शिक्षा मंत्री रोजी एम. जॉन ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा के चुनावी वादे के तहत राज्य के सभी कॉलेजों की छात्राओं को 1,000 रुपए का मासिक वजीफा देने की योजना मौजूदा शैक्षणिक वर्ष के दौरान लागू की जाएगी। जॉन ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि यह योजना विधानसभा चुनाव से पहले यूडीएफ द्वारा घोषित पांच गारंटियों में से एक थी और इसे राज्य के बजट में शामिल किया जाएगा।

## रिहायशी इमारत में आग से तीन लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में शुक्रवार तड़के पांच मंजिला आवासीय इमारत में आग लगने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 70 वर्षीय महिला समेत दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, गोविंदपुरी थाने को आग लगने की सूचना रात दो बजकर 31 मिनट पर प्राप्त हुई। आग तुगलकाबाद एक्सटेंशन स्थित एक आवासीय इमारत में लगी थी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान पंकज (28), उनकी मां गुड्डी (50) और बहन सोनी (20) के तौर पर हुई है।

## अभिषेक के जवाब से CID संतुष्ट नहीं, कल फिर बुलाया



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सीआईडी ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी को कथित जाली हस्ताक्षर मामले में पूछताछ के दूसरे दौर के लिए 14 जून को पेश होने का नया समन जारी किया। माना जाता है कि यह कदम इसलिए उठाया गया, क्योंकि जांच अधिकारियों को एक दिन पहले विभाग के मुख्यालय में हुई पूछताछ के दौरान तृणमूल महासचिव के जवाब संतोषजनक नहीं लगे।

### फ्रांस के नीस में होगा 'भारत इनोवेट्स 2026' का आयोजन

# पीएम मोदी और मैक्रों कल करेंगे उद्घाटन

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 14 जून को नीस में संयुक्त रूप से 'भारत इनोवेट्स 2026' का उद्घाटन करेंगे। शिक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि नीस स्थित 'पैलेस डेस एक्सपोजिशन्स' में आयोजित इस कार्यक्रम में 120 भारतीय नवोन्मेषक, 15 उच्च शिक्षा संस्थान और 500 से अधिक निवेशक भाग लेंगे, जिनमें प्रमुख कॉरपोरेट और उद्यम पूंजी फर्म तथा कई मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और उद्योग जगत के दिग्गज शामिल होंगे।


फाइल फोटो

भारत सरकार द्वारा आयोजित, 'भारत इनोवेट्स 2026' केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की पहल है। यह आयोजन एडवांस्ड कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा और विनिर्माण जैसे 13 प्रमुख क्षेत्रों में विस्तारित होगा, जो भारत के बढ़ते नवाचार और 'डीप टेक' परिवेश को दर्शाता है। 'डीप टेक' का मतलब उन कंपनियों और नवाचार से है, जो बुनियादी वैज्ञानिक खोजों और 'एडवांस्ड इंजीनियरिंग' पर आधारित हैं।

### जयशंकर व पीयूष गोयल भी होंगे शामिल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के भी आयोजन में शामिल होने की संभावना है। 'भारत इनोवेट्स 2026' के लिए देश से 120 स्टार्टअप का चयन करने वाली तकनीकी निरीक्षण समिति के अध्यक्ष तथा भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार अजय कुमार सूद भी इसमें भाग लेंगे। यह आयोजन भारत और वैश्विक हितधारकों के बीच नवाचार-आधारित साझेदारी बढ़ाने का प्रभावशाली मंच होगा। इस आयोजन के दौरान कई महत्वपूर्ण घोषणाएं और परिणाम की आशा है, जिनमें डीप टेक, अनुसंधान एवं विकास, स्टार्टअप विस्तार और सीमा पार निवेश सुविधा में सहयोग ढांचे सुदृढ़ बनाना शामिल है। यह आयोजन भारतीय और फ्रांसीसी नवाचार पारिवेश के बीच संस्थागत साझेदारी के नए अवसर भी खोलेगा, जिसमें सह-विकास, प्रौद्योगिकी आदान-प्रदान और उभरती प्रौद्योगिकियों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### उच्च स्तरीय बैठक में यात्रा की तैयारियों की समीक्षा

# अमरनाथ यात्रा के लिए होगी अभेद्य सुरक्षा: शाह

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि अमरनाथ यात्रा मार्ग और पर्यटन स्थलों पर शांतिपूर्ण यात्रा सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ), जम्मू-कश्मीर पुलिस और सभी सुरक्षा एजेंसियों को मिलकर एक बहु-स्तरीय और अभेद्य सुरक्षा घेरा बनाना चाहिए। यात्रा तीन जुलाई से शुरू हो रही है।

शाह ने अमरनाथ यात्रा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि ड्रोन, सीसीटीवी कैमरे, निगरानी प्रणाली और अन्य आधुनिक प्रौद्योगिकियों का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल कर पारंपरिक सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाना चाहिए।

शाह ने निर्देश दिया कि यात्रा से जुड़े स्थानीय लोगों और जानवरों का पंजीकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि क्यूआर कोड वाले पहचान पत्र जारी किए जाएं और यात्रियों के पंजीकरण से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता तक हर पहलू पर उचित इंतजाम किए जाएं। शाह ने कहा कि सीएपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को तीर्थयात्रा के दौरान शिविर स्थलों पर की गई व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी करनी चाहिए।



*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नई दिल्ली में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक में अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए।*

### तीर्थ यात्रियों के लिए सभी सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम के निर्देश

शाह ने कहा कि तीर्थ यात्रियों के पंजीकरण, ठहरने की व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और आपदा प्रबंधन समेत सभी जरूरी सुविधाओं के लिए उचित इंतजाम सुनिश्चित किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि मौसम की स्थितियों और पूर्वानुमान के अनुसार तीर्थयात्रियों के जत्थों को आगे भेजने की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रा मार्ग के अलावा प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाने चाहिए, ताकि तीर्थयात्री सुरक्षित रूप से अपनी यात्रा का आनंद ले सकें।

### एनएसए डोभाल व सेनाध्यक्ष भी बैठक में हुए शामिल

बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, गृह सचिव गोविंद मोहन, आईबी प्रमुख तपन कुमार डेका और सीआरपीएफ के महानिदेशक जीपी सिंह के अलावा अन्य वरिष्ठ सुरक्षा और प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। ज्ञात रहे कि हिमालय पर्वतमाला में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर की 57 दिन की तीर्थयात्रा के लिए भारी सुरक्षा इंतजाम की जरूरत होती है, जिसमें केंद्र और जम्मू-कश्मीर की एजेंसियां मिलकर काम करती हैं। तीर्थयात्री अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में छोटे, लेकिन अधिक ढलान वाले 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से यात्रा करेंगे।

## नए उच्चायुक्त दिनेश त्रिवेदी बांग्लादेश पहुंचे

**ढाका।** बांग्लादेश में भारत के नए उच्चायुक्त दिनेश त्रिवेदी राजनयिक के तौर पर अपना कार्यभार संभालने के लिए शुक्रवार को पेट्रापोल-बेनापोल स्थल सीमा के जरिए इस पड़ोसी देश में पहुंचे। त्रिवेदी, बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त नियुक्त किए गए पहले राजनीतिक नेता हैं। वह स्थल सीमा का गेट खुलने पर अपना ट्रॉली बैग लेकर बांग्लादेश में दाखिल होते दिखे। उनके साथ उनकी पत्नी मृणाल त्रिवेदी भी थीं। बेनापोल स्थल सीमा पर बांग्लादेश और भारतीय उच्चायोग के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनकी अगवानी की।

## NEET-UG में गड़बड़ी की तो कार्रवाई: केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को चेतावनी दी कि 21 जून को दोबारा आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) में गड़बड़ी करने या व्यवधान डालने या इसकी शुचिता से खिलवाड़ करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ कानून की पूरी सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के महानिदेशक अभिषेक सिंह के साथ हुई एक बैठक में कैबिनेट सचिव टी.वी. सोमनाथन ने यह बात कही।

### टीएमसी में अब 'असली-नकली' की लड़ाई

# बागी गुट 15 को स्पीकर से मिलेगा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बागी गुट में शामिल जगदीश चंद्र बर्मा बसुनिया ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी के बागी सांसद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से 15 जून, सोमवार को मुलाकात कर खुद को 'असली तृणमूल कांग्रेस' के तौर पर मान्यता दिए जाने की मांग करेंगे।

बसुनिया ने दावा किया कि अभी 19 लोकसभा सदस्य इस गुट का समर्थन कर रहे हैं। बसुनिया ने 'पीटीआई-वीडियो' को बताया कि गुट पहले ही लोकसभा अध्यक्ष को इस संबंध में एक प्रतिवेदन सौंप चुका है। उन्होंने कहा कि सोमवार को हम लोकसभा अध्यक्ष के पास जाएंगे और असली तृणमूल कांग्रेस संसदीय दल बनाने का अपना दावा पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि हस्ताक्षर जुटाने की प्रक्रिया आठ जून को शुरू हुई और अब तक 19 सांसदों ने इस ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। सूत्रों ने बताया कि बैठक का समय अभी तय नहीं हुआ है।



### ममता बनर्जी के खिलाफ FIR दर्ज

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान भड़काऊ बयान देने के आरोप में तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि एक व्यक्ति ने कोलकाता के नेताजी नगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि नौ मार्च को कोलकाता के एस्प्लेनेड इलाके में एक पार्टी कार्यक्रम के दौरान बनर्जी की टिप्पणियां समुदायों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने वाली थीं।

### इस बार देश में बारिश कम होने की आशंका

# प्रशांत महासागर में बन गई अल नीनो की स्थिति: IMD

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भूमध्य रेखा के समीप प्रशांत महासागर में फिलहाल अल नीनो की स्थितियां बन गई हैं तथा दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान इनके और अधिक मजबूत होने की आशंका है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि समुद्र की सतह के तापमान में वृद्धि पर वायुमंडल ने प्रतिक्रिया दी है और महासागर-वायुमंडल की संयुक्त प्रणाली अब अल नीनो के अनुरूप विशेषताएं दिखा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, अल नीनो के कारण भारत में कम वर्षा होती है और इसके उभरने से इस वर्ष मानसून के मौसम में सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना है।

**मानसून पहुंचा ओडिशा:** दक्षिण-पश्चिम मानसून ने उत्तरी ओडिशा के कुछ हिस्सों में दस्तक दी। अगले दो-तीन दिनों में मानसून के ओडिशा के अन्य हिस्सों में पहुंचने के लिए हालात अनुकूल हैं।

### क्या है अल नीनो

अल नीनो भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह के असामान्य रूप से गर्म होने की स्थिति है, जिसका असर दुनिया के मौसम और भारत के मानसून पर पड़ सकता है।

### अमेरिका में योग पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

# डॉ. नागेंद्र न्यूयॉर्क पहुंचे, योग दिवस पर होंगे मुख्य अतिथि

**बेधड़क** | न्यूयॉर्क

विश्व विख्यात योग गुरु पद्मश्री डॉ. एच. आर. नागेंद्र, अध्यक्ष एस-व्यासा विश्वविद्यालय, बेंगलुरु शुक्रवार को विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एन. के. मंजूनाथ के साथ न्यूयॉर्क के जॉन एफ. कैनेडी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। जहां उनका स्वागत राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (RANA) न्यूयॉर्क के अध्यक्ष प्रेम भंडारी, जयपुर फुट यूएसए के उपाध्यक्ष एवं त्रिनिदाद एवं टोबैगो स्थित जयपुर फुट यूएसए के स्थायी केंद्र के मुख्य समन्वयक अजय पटेल तथा भारतीय वाणिज्य दूतावास, न्यूयॉर्क के अधिकारियों ने किया। डॉ. नागेंद्र 21 जून 2026 को टाइम्स स्क्वायर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। यह कार्यक्रम भारतीय वाणिज्य दूतावास, न्यूयॉर्क द्वारा आयोजित किया जा रहा है। न्यूयॉर्क में ही प्रेम भंडारी के निवास पर डॉ. नागेंद्र के सम्मान में विभिन्न बैठकों एवं संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। डॉ. नागेंद्र RANA के निमंत्रण पर अमेरिका आए हैं। प्रेम भंडारी ने डॉ. नागेंद्र एवं डॉ. मंजूनाथ का स्वागत करते हुए कहा कि उनकी यह यात्रा भारतीय समुदाय तथा अमेरिकी समाज में योग, स्वास्थ्य, आध्यात्मिकता एवं भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा के प्रति जागरूकता को और अधिक सशक्त बनाएगी।



*योग गुरु डॉ. एच. आर. नागेंद्र के न्यूयॉर्क पहुंचने पर उनका स्वागत करते राना के अध्यक्ष प्रेम भंडारी व अन्य लोग।*

### विशेष सत्र का आयोजन 14 जून तक

RANA न्यूयॉर्क, BRUHUD NY Seniors तथा जयपुर फुट यूएसए के सहयोग से 12 से 14 जून तक न्यूयॉर्क के प्रसिद्ध YO1 Longevity & Health Resorts में योग, स्वास्थ्य एवं वेलनेस विषयक विशेष सत्र आयोजित कर रहा है। इन सत्रों को डॉ. नागेंद्र, डॉ. मंजूनाथ, विश्व प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. समीन शर्मा, अमेरिका के सबसे बड़े ACO संगठनों में से एक के संस्थापक डॉ. राज बंसल तथा अमेरिका के प्रमुख नर्सिंग होम नेटवर्क की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रेखा भंडारी संबोधित करेंगी।

### डॉ. नागेंद्र का विशेष व्याख्यान 22 को

भारतीय वाणिज्य दूतावास, न्यूयॉर्क द्वारा RANA न्यूयॉर्क, BRUHUD NY Seniors एवं जयपुर फुट यूएसए के सहयोग से 22 जून 2026 को डॉ. नागेंद्र का एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया जाएगा, जिसमें योग, स्वास्थ्य एवं समग्र जीवनशैली पर उनके विचार सुनने का अवसर मिलेगा। उल्लेखनीय है कि डॉ. नागेंद्र ने वर्ष 2015 में भारत सरकार द्वारा आयोजित प्रथम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह के संचालन एवं समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।




### ब्रांड मोदी के विकास रथ के आगे 'बहिष्कार ब्रिगेड' नतमस्तक!

## नीति आयोग में ड्रामेबाजी का 'द एंड', चली गई 'माइक बंद' की बीमारी!

दिल्ली के प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में आज सबसे ज्यादा चर्चा नीति आयोग की उस ऐतिहासिक बैठक की है, जिसने भारतीय राजनीति की एक नई तस्वीर देश के सामने रख दी है। हाल ही में संपन्न हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजों ने सचमुच ऐसा यू-टर्न लिया कि कभी विकास की बैठकों में रोड़ा अटकाने वाले क्षत्रपों के सुर ही बदल गए, चुनाव के थपेड़ों ने इन नेताओं को यह अच्छी तरह समझा दिया है कि जनता अब ड्रामेबाजी और वॉकआउट की राजनीति से ऊब चुकी है और विकास विरोधी रवैया अपनाने वालों को सबक सिखाने में देर नहीं करती। नीति आयोग के गलियारे से छनकर आ रही खबरों के मुताबिक इन 'बहिष्कारवादी' मुख्यमंत्रियों के जाते ही पहली बार पूरी बैठक बेहद सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक माहौल में संपन्न हुई। लंबे समय बाद ऐसा हुआ है, जब सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने बिना किसी ड्रामे के न सिर्फ बैठक में भाग लिया बल्कि देश की तरक्की के रोडमैप पर गंभीरता से मंथन भी किया!



### सोनार बांग्ला में खिला 'कमल' तो सचिवालय 'नवान्न' पर चढ़ने लगा राष्ट्रवाद का भगवा रंग!

## दीदी का 'नीला-सफेद' हुआ नौ दो ग्यारह, नवान्न की दीवारों पर अब भगवा का जलवा!

कोलकाता के प्रशासनिक हलकों और हुगली नदी के किनारे बने राज्य सचिवालय 'नवान्न' से सबसे सनसनीखेज खबर आ रही है। पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक सरकार बनने के बाद अब प्रशासनिक भवनों के रंग-रूप को बदलने का काम युद्धस्तर पर शुरू हो चुका है। सचिवालय के नवान्न सभागार की दीवारों पर अब पिछली तृणमूल कांग्रेस सरकार की पहचान बन चुके 'नीले और सफेद' रंग को हटाकर 'भगवा और सफेद' रंग की पुताई की जा रही है। राजनीतिक प्रेक्षक इस बदलाव को सिर्फ एक रंग का बदलना नहीं, बल्कि बंगाल की राजनीति से तुष्टीकरण के दौर की विदाई और राष्ट्रवाद के नए सूर्योदय के रूप में देख रहे हैं। लुटियंस दिल्ली से लेकर कोलकाता के 'कॉफी हाउस' तक, आज हर जुबान पर सिर्फ इसी 'रंग बदलने' की गॉसिप छाई हुई है बाबूमोशाय!




### टूट की कगार पर खड़ी तृणमूल, 'दीदी' बनाम 'बागी' गुट में छिड़ी 1000 करोड़ की 'प्रॉपर्टी जंग'!

## सांसद-विधायक तो गए ही, अब तिजोरी और 'जोड़ा फूल' पर भी डाका!

कोलकाता से लेकर दिल्ली के राजनीतिक गलियारों में शुक्रवार को यह चर्चा शबाब पर रही कि पश्चिम बंगाल में करारी शिकस्त झेलने के बाद अब टीएमसी के वजूद पर ही बन आई है। राज्यसभा से 3 सांसदों के इस्तीफे, लोकसभा में 19 सांसदों की बगावत और विधानसभा में ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले 60 विधायकों के बागी गुट को विपक्ष की मान्यता मिलने के बाद सचमुच ममता बनर्जी के पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई है। राजनीतिक प्रेक्षक मान रहे हैं कि अब लड़ाई सिर्फ विचारधारा की नहीं, बल्कि देश की तीसरी सबसे अमीर पार्टी की 1000 करोड़ रुपए की संपत्ति, साख और चुनाव चिह्न को हथियाने की भी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक टीएमसी के बैंक खातों में करीब 681 करोड़ रुपए जमा हैं, 250 करोड़ का निवेश है और जिलों में करोड़ों के आलीशान दफ्तर हैं, जिन पर अब बागी गुट चुनाव आयोग के जरिए दावा ठोकने की तैयारी में है! इस चक्रव्यूह से घबराईं ममता बनर्जी ने आनन-फानन में पार्टी की सभी इकाइयां तो भंग कर दी हैं, लेकिन पानी अब सिर से ऊपर निकल चुका है। दिल्ली और कोलकाता, दोनों मोर्चों पर घिरीं दीदी के सामने अपना सिंबल 'जोड़ा फूल' बचाने का सबसे बड़ा संकट आ खड़ा हुआ है!



### डिजिटल दुनिया के 'शहंशाह' पीएम मोदी!

## प्लेटफॉर्म अनेक, धुरंधर एक... इधर मोदी की एक पोस्ट, उधर विपक्ष का सिस्टम रोस्ट!

दिल्ली के लुटियंस जोन से लेकर सिलिकॉन वैली तक एक बात की चर्चा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया के हर मैदान को कैसे फतह कर लिया है! फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब हो या एक्स, आप किसी भी प्लेटफॉर्म का नाम लीजिए, हर जगह मोदी जी का जलवा सिर चढ़कर बोल रहा है। राजनीतिक प्रेक्षक इस बात से पूरी तरह हैरान हैं कि देश के सबसे लंबे समय तक गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड बनाने वाले मोदी ने डिजिटल स्पेस में भी खुद को 'खिलाड़ी नंबर वन' साबित कर दिया है। अकेले 'एक्स' पर उनके फॉलोअर्स का आंकड़ा 106.9 मिलियन (10.6 करोड़ से अधिक) पार कर चुका है, जो उन्हें भारत में सबसे आगे और पूरी दुनिया के चुनिंदा शीर्ष नेताओं में पांचवें नंबर पर खड़ा करता है! विपक्ष के युवा तुर्क जो खुद को सोशल मीडिया का उस्ताद समझते थे, वे मोदी की इस सुनामी के आगे कहीं टिकते नजर नहीं आ रहे हैं! जब-जब मोदी कोई नई पोस्ट डालते हैं, विपक्ष के नैरेटिव ताश के पत्तों की तरह बिखर जाते हैं!



■ संकलन: संदीप मिश्रा

## खेल हलचल

### पीवी सिंधु सेमीफाइनल में पहुंचीं



**सिडनी।** भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। तीसरी वरीय सिंधु ने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की चेन सू यू को मात्र 27 मिनट में 21-6, 21-9 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। सेमीफाइनल में सिंधु का मुकाबला जापान की शीर्ष वरीय अकाने यामागुची से होगा। यामागुची ने भारतीय युवा खिलाड़ी तन्वी शर्मा को 21-14, 21-14 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

### केन विलियमसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज और पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने 15 वर्ष से अधिक लंबे शानदार कॅरिअर के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड द्वारा जारी बयान में विलियमसन ने कहा कि देश के लिए खेलना उनके लिए गर्व की बात रही है और उन्होंने हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि अब वह अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताना चाहते हैं। विलियमसन ने अपने कॅरिअर में न्यूजीलैंड के लिए 378 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और 19,346 रन बनाए।

### सीनियर राष्ट्रीय तैराकी: राजस्थान का 10 सदस्यीय दल भाग लेगा

**जयपुर।** सीनियर नेशनल तैराकी चैंपियनशिप 16 से 21 जून तक अहमदाबाद के वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगी।



प्रतियोगिता में राजस्थान का 10 सदस्यीय दल हिस्सा लेगा, जो कुल 22 स्पर्धाओं में अपनी चुनौती पेश करेगा। राजस्थान तैराकी संघ के अध्यक्ष अनिल व्यास ने टीम की घोषणा करते हुए बताया कि दल में पुरुष वर्ग के छह और महिला वर्ग की चार तैराक शामिल हैं। राजस्थान के खिलाड़ी पुरुष और महिला वर्ग की 11-11 स्पर्धाओं में भाग लेंगे। महिला वर्ग में योग्या खींची 50 और 100 मीटर फ्रीस्टाइल, 50मीटर और 100 मीटर बैकस्ट्रोक में,दक्षिणा जोशी 50, 100 और 200 मीटर बटरफ्लाई में, रितिका चौधरी 200 और 400 मीटर इंडिविजुअल मेडले के साथ 200 मीटर फ्रीस्टाइल में जबकि विधि सनाढ्य 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करेंगी। पुरुष वर्ग में मोहम्मद अनस 50, 100 और 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक, यश 50 और 100 मीटर फ्रीस्टाइल, कृष्णादित्य सिंह 50 और 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धाओं में, हिमांशु सियाग 800 मीटर फ्रीस्टाइल और 400 मीटर इंडिविजुअल मेडले में, जबकि सिरजन देओल 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक और कनिष्क नागर 50 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में हिस्सा लेंगे। चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में जयपुर की छात्राएं सिंक्रोनाइज्ड स्विमिंग का विशेष प्रदर्शन भी करेंगी।

## फीफा विश्व कप: दक्षिण अफ्रीका को 2-0 से हराकर विश्व कप अभियान की शुरुआत की

# घरेलू मैदान पर मैक्सिको का जलवा

**एजेंसी** | मैक्सिको सिटी

सह-मेजबान मैक्सिको ने फीफा विश्व कप 2026 के उद्घाटन मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 2-0 से हराकर अपने अभियान की दमदार शुरुआत की। एज्टेका स्टेडियम में 80,824 दर्शकों की मौजूदगी में खेले गए मैच में मैक्सिको ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाते हुए विरोधी टीम पर दबाव बनाए रखा। मैक्सिको को नौवें मिनट में जूलियन क्विनोनेस ने बढ़त दिलाई। इसके बाद अनुभवी स्ट्राइकर राउल जिमेनेज ने 66वें मिनट में शानदार हेडर के जरिए दूसरा गोल दागकर टीम की जीत पक्की कर दी। यह जिमेनेज का मैक्सिको के लिए 46वां अंतरराष्ट्रीय गोल और विश्व कप में पहला गोल रहा। इस गोल के साथ वह मैक्सिको की ओर से सर्वाधिक गोल करने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए। मैक्सिको के मुख्य कोच जेवियर अगुइरे ने कहा कि घरेलू मैदान पर विश्व कप का पहला मैच खेलना खिलाड़ियों के लिए चुनौतीपूर्ण था, लेकिन टीम ने दबाव को अच्छी तरह संभाला।



### जिमेनेज का रिकॉर्ड

मैक्सिको के अनुभवी स्ट्राइकर राउल जिमेनेज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 66वें मिनट में गोल कर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। यह उनके कॅरिअर का 46वां अंतरराष्ट्रीय गोल और विश्व कप में पहला गोल रहा। इसके साथ ही वह मैक्सिको की ओर से सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में जारेड बोर्गेटी की बराबरी पर दूसरे स्थान पर पहुंच गए। उनसे आगे केवल जेवियर हर्नांडेज हैं, जिनके नाम 52 अंतरराष्ट्रीय गोल दर्ज हैं।

### ह्वांग इन-बीओम के दम पर दक्षिण कोरिया जीता

**गुआडालाजारा (मैक्सिको)।** ह्वांग इन-बीओम के शानदार प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण कोरिया ने फीफा विश्व कप 2026 में अपने अभियान की विजयी शुरुआत करते हुए चेक गणराज्य को 2-1 से हरा दिया। ह्वांग ने एक गोल दागने के साथ ही जीत दिलाने वाले गोल में भी अहम भूमिका निभाई। पहले हाफ में दोनों टीमें गोल करने में नाकाम रहीं और खेल अपेक्षाकृत धीमा रहा। दूसरे हाफ में चेक गणराज्य ने 59वें मिनट में कप्तान लादिस्लाव क्रेजी के हेडर गोल की बदौलत 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।

### रेड कार्ड ने बदला मैच का रुख



दूसरे हाफ की शुरुआत में ही दक्षिण अफ्रीका की मुश्किलें बढ़ गईं। 49वें मिनट में स्पेफेलो सिथोले को एरिक गुटिएरेज को रोकने के लिए सीधे रेड कार्ड दिखाया गया। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका को लगभग पूरा दूसरा हाफ 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। एक खिलाड़ी की बढ़त का फायदा उठाते हुए मैक्सिको ने लगातार हमले जारी रखे। 67वें मिनट में राउल जिमेनेज ने गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया और टीम की जीत लगभग तय कर दी।

### फिलिस्तीनी फुटबॉल प्रमुख को नहीं मिला अमेरिकी वीजा

**रमल्लाह।** फिलिस्तीनी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष जिब्रिल रजौब को 2026 फीफा विश्व कप के दौरान अमेरिका में प्रवेश के लिए अब तक वीजा नहीं मिला है। रजौब फिलहाल मेक्सिको सिटी में हैं और विश्व कप के उद्घाटन मैच में भी शामिल हुए थे। रजौब ने वीजा में हो रही देरी पर चिंता जताते हुए कहा कि दुनिया भर के फुटबॉल समुदाय से जुड़े लोगों के अधिकारों को सीमित करना उचित नहीं है। हालांकि फिलिस्तीन की टीम विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी।

## जयपुर ने बीकानेर को 62 रन से हराया

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य स्तरीय सीनियर विमेन प्रतियोगिता के नॉक आउट दौर में जयपुर, पाली, नागौर, सीकर, हनुमागढ़, बाड़मेर, जोधपुर, जालोर, भीलवाड़ा, चित्तौड़, कोटा, दौसा, राजसमंद, झुंझुनूं, उदयपुर व धौलपुर ने प्रवेश किया। प्रतियोगिता के नॉक आउट दौर के प्री क्वार्टर फाइनल मैच जयपुर व अलवर में, क्वार्टर फाइनल मैच जयपुर में और प्रतियोगिता के सेमीफाइनल व फाइनल मैच जोधपुर में खेले जाएंगे।



ज्योति चौधरी।



भाविनी भार्गव।

**जयपुर में खेले गए मैच: जयपुर 62 रन से जीती :** जयपुर पारी: 171/2,ज्योति चौधरी 105 व अंशिका चौधरी 50 रन, प्रियंका 37/2, **बीकानेर पारी:** 109 रन पर आल आउट, कंचन 73 रन, अनुष्का चौधरी 11/4 व अर्चन योगी 15/2, **झालवाड़-कोटा: कोटा 9 विकेट से जीती: झालावाड़ पारी:** 149/2,कृतिका गुलाब 104 रन, कोटा पारी:150/1, प्रतीक्षा सिंह 62, आयुषी गर्ग नाबाद 45 व अनाया गर्ग नाबद 30 रन।

**बाड़मेर-टोंक: बाड़मेर 28 रन से जीती: बाड़मेर पारी:**152/7, श्रीचौधरी 37, गंगा नाबाद 33 व पार्वती 24 रन, संजना 32/3, टोंक पारी: 124/2, भाविनी भार्गव 54 व सनजना सोनी 47 रन, **भरतपुर-धौलपुर: धौलपुर 7 विकेट से जीती: भरतपुर पारी:** 137/5, वेदिका सिंह 43 व नीतू शर्मा 37 रन, **धौलपुर पारी:** 141/3, पूनम नाबाद 53 , मनीषा 38 व परी मेहता 32 रन, वेदिका सिंह 30 /2 विकेट।

**जोधपुर में खेले गए मैच: जोधपुर-चित्तौड़: जोधपुर 1 रन से जीती: जोधपुर पारी:**144/5,श्रेया जोशी 57, धृति माथुर 53 रन, मनीषा कुंतल 31/2 विकेट, **चित्तौड़ पारी:**143/8, अनीता चौधरी 47, अनुष्का चौधरी 29 व उर्वशी 25 रन, वंशिका सिंह 26/2 व पलक बिश्नोई 30/2 विकेट।

## केएल राहुल की भूमिका में बदलाव के संकेत

**एजेंसी** | धर्मशाला

भारत और अफगानिस्तान के बीच होने वाली वनडे श्रृंखला से पहले धर्मशाला में शनिवार को हुए अभ्यास सत्र में टीम संयोजन को लेकर दिलचस्प संकेत मिले। ईशान किशन विकेटकीपिंग का अभ्यास करते नजर आए, जबकि राहुल ने क्षेत्ररक्षण के दौरान ऊंचे कैच पकड़ने पर विशेष ध्यान दिया। इससे संकेत मिल रहे हैं कि टीम प्रबंधन राहुल की भूमिका में बदलाव पर विचार कर सकता है। पिछले कुछ वर्षों से राहुल भारत के प्रमुख विकेटकीपर-बल्लेबाज रहे हैं, लेकिन वनडे टीम में ईशान किशन की वापसी के बाद टीम संयोजन में नए प्रयोग संभव हैं। विराट कोहली चोट के कारण इस शृंखला का हिस्सा नहीं हैं।



---

## बिजनेस बेधड़क



शेयर बाजार

| सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 75,527.95 (+1695.40) | 23,622.90 (+461.30) |



सर्राफा

| सोना शुद्ध | जेवराती सोना | चांदी |
|---|---|---|
| 1,51,000 (+1400) | 1,40,400 (+1300) | 2,47,500 (+7500) |

## जरूरी खबर

### RBI ने मोगावीरा सहकारी बैंक पर लगाई पाबंदी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मुंबई स्थित मोगावीरा सहकारी बैंक की वित्तीय स्थिति में गिरावट को देखते हुए उस पर छह महीने के लिए कई प्रतिबंध लगा दिए हैं। आरबीआई के अनुसार, ये पाबंदियां शुक्रवार को कारोबार बंद होने के बाद से लागू हो गईं और इनकी समय-समय पर समीक्षा की जाएगी। बैंक के खाताधारक अब अधिकतम एक लाख रुपए तक ही निकासी कर सकेंगे। साथ ही बैंक को नए ऋण मंजूर करने, मौजूदा ऋणों का नवीनीकरण करने, निवेश करने, नई देनदारियां लेने, उधार लेने और नए जमा स्वीकार करने से रोक दिया गया है। यह कदम जमाकर्ताओं के हितों की सुरक्षा और बैंकिंग व्यवस्था में स्थिरता बनाए रखने के लिए उठाया गया है।

### पीएनबी, उज्जीवन ने एफसीएनआर जमा दरें बढ़ाईं

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक ने एनआरआई ग्राहकों के लिए विदेशी मुद्रा प्रवासी बैंक (एफसीएनआर-बी) अमेरिकी डॉलर जमा पर ब्याज दरें बढ़ा दी हैं। इस कदम का उद्देश्य प्रवासी भारतीयों को विदेशी मुद्रा में अपनी आय बढ़ाने का अवसर देना तथा विनिमय दर में उतार-चढ़ाव के जोखिम से सुरक्षा प्रदान करना है। बैंक के अनुसार विशेष एफसीएनआर (बी) जमा योजना के तहत तीन से चार वर्ष की अवधि के लिए छह प्रतिशत, जबकि चार से पांच वर्ष की अवधि के लिए 6.05 प्रतिशत ब्याज दिया जाएगा। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने भी एफसीएनआर (बी) जमा दरों में वृद्धि की है।

## भारत में एआई अपनाने की रफ्तार तेज


# AI निवेश में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर, कंपनियां बढ़ाएंगी खर्च

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय कंपनियां कृत्रिम मेधा (एआई) के प्रयोगात्मक चरण से आगे बढ़कर अब इसके व्यावसायिक लाभ और मूल्य-आधारित क्रियान्वयन पर तेजी से ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

वैश्विक सॉफ्टवेयर समाधान प्रदाता SAP की एक नई अध्ययन रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। उद्यम स्तर पर एआई के व्यापक उपयोग के मामले में भारत वैश्विक स्तर पर अग्रणी देशों में उभर रहा है। ऑक्सफर्ड इकोनॉमिक्स के सहयोग से किए गए इस अध्ययन में भारत सहित 13 देशों के 2,600 कारोबारी नेताओं की राय शामिल की गई।

एआई निवेश के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर है। भारतीय कंपनियां एआई पर औसतन 2.59 करोड़ डॉलर निवेश की योजना बना रही हैं




### एआई का उपयोग बढ़कर 45 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 74 प्रतिशत भारतीय कंपनियां एआई से प्राप्त मौजूदा लाभ से संतुष्ट हैं और इसे सफलता का प्रमुख पैमाना मान रही हैं। अगले दो वर्षों में विभिन्न कारोबारी प्रक्रियाओं में एआई का उपयोग दोगुने से अधिक बढ़कर 45 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना है। इसके अलावा, 55 प्रतिशत भारतीय कंपनियों ने एआई अपनाने के लिए अलग से मुख्य अधिकारी नियुक्त किया है, जो वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक है।

### एआई अब 'स्वायत्त उद्यम' की रीढ़ बन चुका है

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में 'एजेंटिक एआई' से मिलने वाला प्रतिफल (रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट) पांच गुना बढ़कर 1.44 करोड़ डॉलर तक पहुंच सकता है। एजेंटिक एआई ऐसी स्वायत्त कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रणाली होती है जो लगातार मानवीय हस्तक्षेप के बिना निर्णय लेने, कार्य योजनाएं तैयार करने और उन्हें लागू करने में सक्षम होती है। एसएपी एसई के वैश्विक अध्यक्ष (ग्राहक सफलता) मैनोस रैट्टोपोलोस ने कहा कि एआई अब 'स्वायत्त उद्यम' की रीढ़ बन चुका है। उनके अनुसार, एसएपी का एआई उद्योग-विशेष की गहरी समझ और समृद्ध कारोबारी आंकड़ों के आधार पर विकसित किया गया है, जिससे यह विभिन्न क्षेत्रों की प्रक्रियाओं और जरूरतों को बेहतर तरीके से समझ सकता है।

## बाजार हलचल

### गुजरात में ट्रांसफार्मर प्लांट लगाएगी हिताची एनर्जी इंडिया

**नई दिल्ली।** हिताची एनर्जी इंडिया गुजरात के करजन (वडोदरा) में बड़ा बिजली ट्रांसफार्मर (एलपीटी) विनिर्माण कारखाना स्थापित करने के लिए करीब 2,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। कंपनी ने बताया कि यह निवेश भारत और वैश्विक स्तर पर बढ़ती बिजली मांग को देखते हुए उसकी विनिर्माण क्षमता बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है। कंपनी के अनुसार, नया संयंत्र देश में विश्वसनीय, दक्ष और उच्च गुणवत्ता वाले बिजली उपकरणों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही यह ऊर्जा क्षेत्र की आपूर्ति शृंखला को मजबूत करने और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में भी मदद करेगा। यह कारखाना वित्त वर्ष 2027-28 तक तैयार होने की उम्मीद है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी एन. वेणु ने कहा कि यह निवेश भारत के ऊर्जा क्षेत्र के भविष्य और वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में देश की बढ़ती भूमिका में कंपनी के विश्वास को दर्शाता है।

### मीशो करेगी 202 करोड़ रुपए में किराना क्लब का अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी मीशो व्यापारियों के बीच कारोबार (बी2बी) से जुड़े मंच 'किराना क्लब' का लगभग 202 करोड़ रुपए में अधिग्रहण करेगी। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मीशो ने सूचना में कहा कि कंपनी के निदेशक मंडल ने सिंगापुर में पंजीकृत किराना क्लब प्राइवेट लिमिटेड और उसकी भारतीय अनुषंगी कंपनी 'रिटेल पल्स लैब्स प्राइवेट लिमिटेड (आरपीएलपीएल) में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने को मंजूरी दे दी है। कंपनी के अनुसार, यह अधिग्रहण 31 मार्च, 2027 तक या उससे पहले तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। कंपनी ने कहा, 'मीशो लिमिटेड के निदेशक मंडल ने सिंगापुर के कानूनों के तहत स्थापित 'किराना क्लब प्राइवेट लिमिटेड' कंपनी की 100 प्रतिशत शेयर पूंजी और भारत के कानूनों के तहत बनी 'किराना क्लब' की मौजूदा अनुषंगी कंपनी 'रिटेल पल्स लैब्स प्राइवेट लिमिटेड' की 0.41 प्रतिशत शेयर पूंजी के अधिग्रहण को मंजूरी दी है।

## केंद्रीय मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने कहा...

# औद्योगिक बदलाव को गति दे रही विनिर्माण वृद्धि

**एजेंसी** | बेंगलुरु

केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने शुक्रवार को कहा कि सरकार विनिर्माण आधारित वृद्धि को पुरजोर बढ़ावा दे रही है, जिससे देश के औद्योगिक बदलाव के लिए एक मजबूत नींव तैयार हुई है। बेंगलुरु में केंद्रीय विनिर्माण प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएमटीआई) के 65वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री ने विनिर्माण और अनुसंधान परिवेश को मजबूत करने पर सरकार के निरंतर ध्यान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों ने विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करने के साथ-साथ औद्योगिक विकास को महत्वपूर्ण रूप से गति दी है।




### सरकार ने सक्रिय रूप से मजबूत परिवेश बनाया

कुमारस्वामी ने कहा कि पिछले 12 वर्षों के दौरान पीएम के नेतृत्व वाली सरकार ने औद्योगिक अनुसंधान, नवाचार और प्रौद्योगिकीय प्रगति को असाधारण प्राथमिकता दी है। कुमारस्वामी ने कहा, ऐसे समय में जब इंजीनियरिंग और डिप्लोमा स्नातकों के लिए रोजगार के अवसरों को लेकर अक्सर चिंताएं व्यक्त की जाती हैं, सरकार ने सक्रिय रूप से एक ऐसा मजबूत परिवेश बनाने के लिए काम किया है जो योग्य युवाओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाला, रोजगार पैदा करता है।

### सीएमटीआई भारत का प्रतिष्ठित औद्योगिक अनुसंधान

उन्होंने सीएमटीआई को भारत के सबसे प्रतिष्ठित औद्योगिक अनुसंधान संस्थानों में से एक बताते हुए कहा कि इस संस्थान ने अंतरिक्ष और रक्षा सहित रणनीतिक क्षेत्रों के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों और उपकरणों को विकसित करके महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कुमारस्वामी ने कहा कि केंद्र सरकार आने वाले वर्षों में सीएमटीआई के विस्तार की योजना बना रही है। 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' की परिकल्पना के अनुरूप सरकार संस्थान की क्षमता बढ़ाने और देशभर में उसकी पहुंच का विस्तार करने के लिए अधिक वित्तीय और संस्थागत सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### सरकार ने प्याज खरीद मूल्य बढ़ाकर 16.50 रुपए किया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने किसानों को बेहतर मूल्य दिलाने और बाजार में कीमतों को संतुलित रखने के लिए बफर स्टॉक कार्यक्रम के तहत प्याज का खरीद मूल्य 15.80 रुपए से बढ़ाकर 16.50 रुपए प्रति किलोग्राम कर दिया है। नई दर 13 जून से लागू होगी। यह निर्णय मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के तहत प्याज खरीद व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से लिया गया है। महाराष्ट्र के किसानों ने बढ़ती उत्पादन लागत का हवाला देते हुए 30 रुपए प्रति किलो खरीद मूल्य की मांग की थी।



राज्यपाल आचार्य देवव्रत के स्वागत में कच्छी घोड़ी लोक नृत्य करते कलाकार। इस मौके पर मौजूद डॉ. जगदीश चंद्र, वीरेंद्र चौधरी, पवन अरोड़ा, शिशिर अवस्थी, श्वेता मिश्रा अवस्थी और फर्स्ट इंडिया परिवार के अन्य सदस्य।



राज्यपाल आचार्य देवव्रत को पंचतत्व एप और गणगौर टीवी के डिजिटल संस्करण की जानकारी देते पवन अरोड़ा।

### फर्स्ट इंडिया न्यूज कार्यालय पहुंचे गुजरात के राज्यपाल देवव्रत, गणगौर टीवी की ऐतिहासिक सफलता पर दी बधाई

# पत्रकारिता, तकनीक और संस्कृति के संगम को सराहा

## 'पंचतत्व' एप को बताया आधुनिक डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

**बेधड़क** । जयपुर

गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने शुक्रवार को जयपुर स्थित फर्स्ट इंडिया न्यूज कार्यालय का दौरा किया। इस दौरान फर्स्ट इंडिया न्यूज के चेयरमैन एवं एडिटर-इन-चीफ डॉ. जगदीश चंद्र, फर्स्ट इंडिया न्यूज के डायरेक्टर वीरेंद्र चौधरी तथा फर्स्ट इंडिया मीडिया ग्रुप के सीईओ एवं मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा ने उनका स्वागत किया। राज्यपाल को पुष्पगुच्छ भेंट किया गया। इसके बाद उनके स्वागत में राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती लोक नृत्य प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर डिजिटल हेड शिशिर अवस्थी और एसोसिएट एडिटर श्वेता मिश्रा अवस्थी भी उपस्थित रहीं।

दौरे का प्रमुख आकर्षण 'द जेसी शो' का विशेष एपिसोड रहा, जिसमें राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने डॉ. जगदीश चंद्र के साथ विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। अपने दौरे के दौरान राज्यपाल ने मीडिया संस्थान के विभिन्न विभागों का अवलोकन किया और इसकी संपादकीय एवं परिचालन व्यवस्था को करीब से समझा। उन्होंने विभिन्न विभागों के कर्मचारियों से संवाद किया तथा न्यूज रूम की कार्यप्रणाली, पेशेवर कार्य संस्कृति और तकनीकी ढांचे का निरीक्षण किया।

फर्स्ट इंडिया मीडिया ग्रुप के सीईओ एंड मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा ने राज्यपाल को पंचतत्व एप की विशेषताओं और इसके विस्तारित डिजिटल इकोसिस्टम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह एकीकृत मीडिया प्लेटफॉर्म भारत24: विजन ऑफ न्यू इंडिया, फर्स्ट इंडिया न्यूज, फर्स्ट इंडिया न्यूजपेपर, सच बेधड़क हिंदी दैनिक, फर्स्ट इंडिया ओटीटी तथा हाल ही में जुड़े गणगौर टीवी को एक साथ जोड़ता है। उन्होंने समाचार, डिजिटल कंटेंट और मल्टीमीडिया सेवाओं को एक ही मंच पर उपलब्ध कराने की इसकी अवधारणा और उपयोगिता पर प्रकाश डाला। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे आधुनिक और व्यापक डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस दौरान डॉ. जगदीश चंद्र और वीरेंद्र चौधरी भी उपस्थित रहे। राज्यपाल को फर्स्ट इंडिया न्यूजपेपर और हिंदी दैनिक सच बेधड़क की प्रतियां भी भेंट की गईं। उन्होंने मीडिया समूह की पत्रकारिता में भूमिका की प्रशंसा करते हुए तथ्यपरक रिपोर्टिंग, संतुलित समाचार प्रस्तुति और मीडिया प्रबंधन के आधुनिक एवं पेशेवर दृष्टिकोण की सराहना की। साथ ही फर्स्ट इंडिया परिवार को निरंतर प्रगति और सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। दौरे का एक अन्य महत्वपूर्ण आकर्षण गणगौर टीवी की हालिया बार्क रेटिंग्स में शानदार उपलब्धि का उत्सव रहा। राज्यपाल ने डॉ. जगदीश चंद्र, वीरेंद्र चौधरी, पवन अरोड़ा और पूरी गणगौर टीवी टीम को बार्क रेटिंग्स में नंबर-1 स्थान हासिल करने पर बधाई दी। राजस्थान का एकमात्र समर्पित राजस्थानी भाषा चैनल गणगौर टीवी ने बार्क वीक-22, 2026 (राजस्थान ऑल 15+) में लगभग 278.7 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की है। राज्यपाल ने राजस्थानी भाषा और संस्कृति के संवर्द्धन में चैनल की भूमिका की सराहना की। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश चौधरी भी उपस्थित रहे और उन्होंने राज्यपाल आचार्य देवव्रत से मुलाकात कर शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया। वहीं, शिव कुमार डीगवाल ने राज्यपाल को भारत की समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक स्वरूप पूजनीय रामसेतु शिला भेंट की। कार्यक्रम में प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता देवांशी शर्मा भी उपस्थित रहीं और उन्होंने फर्स्ट इंडिया टीम से संवाद किया। इस दौरान यह भी घोषणा की गई कि वे जल्द ही वर्तिका जैन द्वारा संचालित लोकप्रिय कार्यक्रम 'डायरीज बाय वर्तिका' में नजर आएंगी। कार्यक्रम में सीईओ की ओएसडी डॉ. प्रज्ञा चंदेल, सीनियर एंकर पूनम शर्मा सोलंकी, वर्तिका जैन, अरविंद शर्मा, आयुषी महर्षि, डिंपल शर्मा सहित फर्स्ट इंडिया परिवार के अनेक सदस्य मौजूद रहे। राज्यपाल का यह दौरा पूरे संस्थान के लिए प्रेरणादायी और यादगार अवसर बन गया।



गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत से संवाद करते डॉ. जगदीश चंद्र। साथ में हैं वीरेंद्र चौधरी।



राजस्थानी भाषा के नंबर-1 चैनल बनने के जश्न में गणगौर टेलीविजन का पोस्टर प्रदर्शित करते राज्यपाल आचार्य देवव्रत, डॉ. जगदीश चंद्र, वीरेंद्र चौधरी और पवन अरोड़ा। साथ में हैं (बाएं से) अरविंद शर्मा, आयुषी महर्षि, डॉ. प्रज्ञा चंदेल, श्वेता मिश्रा अवस्थी, शिशिर अवस्थी, पूनम शर्मा सोलंकी, वर्तिका जैन और डिंपल शर्मा।



डॉ. जगदीश चंद्र और पवन अरोड़ा।



राज्यपाल आचार्य देवव्रत को फर्स्ट इंडिया न्यूजपेपर और सच बेधड़क हिंदी दैनिक की प्रतियां भेंट करते पवन अरोड़ा, डॉ. जगदीश चंद्र और वीरेंद्र चौधरी।



राज्यपाल आचार्य देवव्रत से संवाद करते डॉ. जगदीश चंद्र।



राज्यपाल आचार्य देवव्रत के साथ बाएं से वीरेंद्र चौधरी, डॉ. जगदीश चंद्र और पवन अरोड़ा।



राज्यपाल आचार्य देवव्रत को रामसेतु शिला भेंट करते शिव कुमार डीगवाल। साथ में हैं डॉ. जगदीश चंद्र, वीरेंद्र चौधरी और पवन अरोड़ा।



राज्यपाल आचार्य देवव्रत के साथ बाएं से पवन अरोड़ा, डॉ. जगदीश चंद्र, देवांशी शर्मा, वीरेंद्र चौधरी और वर्तिका जैन।



राज्यपाल आचार्य देवव्रत का स्वागत करते वीरेंद्र चौधरी, साथ में हैं डॉ. जगदीश चंद्र और पवन अरोड़ा, बाएं से आयुषी महर्षि, डॉ. प्रज्ञा चंदेल, श्वेता मिश्रा अवस्थी, पूनम शर्मा सोलंकी, डिंपल शर्मा और वर्तिका जैन।



राज्यपाल आचार्य देवव्रत का अभिवादन करते कैलाश चौधरी। साथ में हैं डॉ. जगदीश चंद्र, वीरेंद्र चौधरी और पवन अरोड़ा।

फोटो: पंकज शर्मा व संतोष शर्मा

### 'भारत भाग्य विधाता' की विशेष स्क्रीनिंग में पहुंचे भजनलाल शर्मा और दीया कुमारी

# जयपुर के 'अनसंग हीरोज' का 'भारत भाग्य विधाता बैज ऑफ ऑनर' से किया सम्मान

**बेधड़क** | जयपुर

अभिनेत्री व सांसद कंगना रनौत अभिनीत फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' की शुक्रवार को जयपुर में विशेष स्क्रीनिंग की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में भजनलाल शर्मा, कंगना रनौत व डॉ. जयंतीलाल गड़ा ने राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा देने वाले नायकों को 'भारत भाग्य विधाता बैज ऑफ ऑनर' देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद मंजू शर्मा भी उपस्थित रहीं।


संबोधित करते मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा।


मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का स्वागत करतीं सांसद कंगना रनौत।


सीएम भजनलाल शर्मा का स्वागत करते डॉ. जयंतीलाल गड़ा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का 'भारत भाग्य विधाता' की स्पेशल स्क्रीनिंग में शिरकत करने पर कंगना रनौत और डॉ. जयंतीलाल गड़ा ने उनका आभार जताया। स्क्रीनिंग के दौरान कंगना ने कहा, 'भारत भाग्य विधाता' की पूरी टीम की तरफ से मैं माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का स्वागत करती हूं। आज का दिन हमारे लिए बहुत खास है और अब मेरी फिल्म ही अपनी कहानी खुद कहेगी। इस देश में ऐसे कई अनसुने और अनदेखे हीरोज हैं, जो चुपचाप देश को चलाने में अपना योगदान देते हैं। आज हम जयपुर के ऐसे ही हीरोज को सम्मानित करेंगे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 'भारत भाग्य विधाता' उन अनदेखे हीरोज की कहानी है, जिनके दिल में सिर्फ देश के लिए प्यार है। मुझे खुशी है कि कंगना रनौत ने ऐसे लोगों पर फिल्म बनाई है, जो हर हाल में देश और समाज की सेवा करते हैं। हम सभी के लिए देश सबसे पहले आता है और जिनके दिल में ये भावना है, वे हमेशा समाज की सेवा करते रहेंगे। कोविड-19 के दौरान जब हम सब घरों में थे, तब हमारे युवा और हेल्थकेयर वॉरियर्स बाहर लोगों की सेवा में लगे थे। यह फिल्म उसी भावना, संवेदनशीलता और करुणा को दर्शाती है, जिससे बहुत कुछ सीखा जा सकता है। समारोह में रमा अग्रवाल, सुरभि शर्मा, रीनू कुमारी, मीनू, उदयवीर, रोशन लाल सालोदिया, रुकैय्या आरा, रुपाली देवी, पूर्वा पारीक और सपना शर्मा को 'भारत भाग्य विधाता बैज' दिया गया।


उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का स्वागत करतीं कंगना रनौत।


फोटो: पंकज शर्मा
राजस्थान के भारत भाग्य विधाता बैज से सम्मानित अनसुने नायकों के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, सांसद मंजू शर्मा और डॉ. जयंतीलाल गड़ा।

## संपर्क टोली से जनसंपर्क बढ़ाने पर जोर



**बेधड़क. जयपुर।** भारत विकास परिषद महेश नगर शाखा, जयपुर में क्षेत्रीय संयोजक संपर्क रणवीर सिंह त्यागी व प्रांतीय संयोजक संपर्क मुकेश पांड्या का प्रवास हुआ। उन्होंने संपर्क पखवाड़े के तहत संचालित गतिविधियों की समीक्षा कर शाखा कार्यों में समन्वय व संपर्क कार्य को अधिक प्रभावी बनाने का आह्वान किया। त्यागी ने परिषद की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी, जबकि पांड्या ने संपर्क टोली से जनसंपर्क बढ़ाने पर बल दिया। बैठक में अध्यक्ष सीताराम गुप्ता, सचिव रामप्रकाश कुमावत सहित पदाधिकारी, कार्यकर्ता व मातृशक्ति उपस्थित रहे। शाखा संपर्क संयोजक मुकेश गुप्ता ने पखवाड़े की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## एनआरआई प्रवीण शर्मा का सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर निवासी एनआरआई बिजनेसमैन प्रवीण शर्मा को ऑस्ट्रेलिया में सम्मानित किया गया। समारोह विश्वभर में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा, प्रवासी भारतीयों की उपलब्धियों तथा भारतीय संस्कृति के वैश्विक प्रभाव का साक्षी बना। शर्मा पिछले 7 वर्षों से ऑस्ट्रेलिया में रह रहे हैं। वहां बिजनेस करने के अलावा वे कई देशों में जाकर देश की संस्कृति और सनातन धर्म का प्रचार कर रहे हैं। साथ ही वे न केवल हिंदू, बल्कि सभी धर्मों के लोगों को साथ जोड़कर चल रहे हैं। शर्मा अब राजस्थान के हेरिटेज और टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए काम करना चाहते हैं।

## आर्थिक संकट पर दमदार 'गवर्नर'




**बेधड़क. जयपुर।** देशभर में रिलीज हुई फिल्म 'गवर्नर' की स्क्रीनिंग जयपुर में की गई। भारत के 1990 के आर्थिक संकट की पृष्ठभूमि पर बनी 'गवर्नर' एक पॉलिटिकल-इकोनॉमिक ड्रामा है। फिल्म की कहानी दर्शकों को ऐसे दौर में ले जाती है, जब भारत आर्थिक रूप से टूटने की कगार पर खड़ा था। अदा शर्मा ने युवा पत्रकार की भूमिका निभाई है, जिसकी खबर देश के भविष्य को प्रभावित कर सकती है। वहीं, मधु ने ऐसी पत्नी का किरदार निभाया है, जो पति के संघर्ष और मानसिक दबाव को महसूस करती है। निर्देशक चिन्मय मांडलेकर मराठी सिनेमा और थिएटर से जुड़े हैं और उन्होंने फिल्म का वातावरण वास्तविक तथा प्रभावशाली बनाया है। लेखक शुभेंदु भट्टाचार्य, रवि असरानी और सौरभ भारत ने अर्थशास्त्र और वित्त जैसे विषय को भावनात्मक रूप से प्रस्तुत किया है।

## बच्चे सीख रहे शुद्ध शास्त्रीय पद्धति



**बेधड़क. जयपुर।** गुलाबी नगरी में कथक नृत्य की विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने और उन्हें कला के मूल स्वरूप से जोड़ने के लिए ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जहां आधुनिकता की चकाचौंध से दूर बच्चों को पूरी तरह पारंपरिक व शुद्ध शास्त्रीय पद्धति से कथक के गूढ़ रहस्यों से परिचित कराया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार, घुंघरू और ताल की साधना एक माह तक चलेगी। शिविर में बच्चों को कथक के मूल तत्वों, पद संचालन (तत्कार), हस्तक, चक्कर, पढ़ंत और भाव पक्ष के साथ जयपुर घराने की पारंपरिक विधाओं का अभ्यास कराया जा रहा है। गुरु अदिति सौगानी के निर्देशन में बच्चे प्राचीन और शुद्ध विधा को आत्मसात कर रहे हैं। सहायक प्रशिक्षक के रूप में शक्ति ओझा व नेहल पाटनी योगदान दे रहे हैं। इसके तहत बच्चों को विभिन्न कृष्ण लीलाओं व पौराणिक प्रसंगों का अभ्यास कराया जा रहा है। कलाकार माखन चोरी, कृष्ण जन्म, कालिया दमन, कंस वध तथा द्रौपदी चीरहरण जैसे प्रसंगों को कथक की अभिव्यक्ति से मंचित करने की तैयारी कर रहे हैं।

# City इवेंट्स

## समर कैंप में व्यक्तित्व का निर्माण



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर सैन्य छावनी में सेना के जवानों के बच्चों के लिए दो सप्ताह के समर कैंप का आयोजन किया गया। डॉ. नेहा लोहमरोड़, निदेशक व संस्थापक, कोष फाउंडेशन के नेतृत्व में शिविर में बच्चों व अभिभावकों ने भाग लिया। अनेक रचनात्मक, शैक्षणिक व मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर में ओरिगेमी कला, डो (आटे) मॉडलिंग, ब्लॉब पेंटिंग, जुम्बा, व्यक्तित्व विकास सत्र, समूह गतिविधियां तथा आत्मरक्षा (सेल्फ डिफेंस) की तकनीकों का प्रशिक्षण आकर्षण रहे। परिवारों के बीच संवाद, सहयोग और आपसी जुड़ाव को बढ़ावा मिला। डॉ. नेहा लोहमरोड़ ने कहा कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में रचनात्मक गतिविधियों, जीवन कौशल और सकारात्मक सामाजिक मूल्यों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

## नि:शुल्क हेल्थ कैंप आज से

**बेधड़क. जयपुर।** सृष्टि हॉस्पिटल, जगतपुरा में दो दिवसीय चिकित्सा परामर्श शिविर शनिवार और रविवार को नि:शुल्क लगाया जाएगा। शिविर में शनिवार को एमजीएम हेल्थ केयर चेन्नई की हृदय शल्य चिकित्सा विभाग की टीम हृदय रोगियों को निशुल्क परामर्श देगी। दूसरे दिन सृष्टि हॉस्पिटल के चिकित्सक परामर्श देंगे। सृष्टि हॉस्पिटल डायरेक्टर डॉ. सुरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि मरीजों को निशुल्क स्वास्थ्य कार्ड व एक लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा दिया जाएगा।

## उर्स के पोस्टर का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** संसार चंद रोड स्थित दरगाह मीर कुर्बान अली में हर साल की तरह इस साल भी हजरत सैयद महबूब उर रहमान नियाजी रह. के उर्स की तैयारियां चल रही हैं। उर्स मुबारक 14 से 16 जून तक मनाया जाएगा। कई कार्यक्रमों का आयोजन होगा व उर्स की शुरुआत शाम को सूफी कॉन्फ्रेंस के साथ होगी। रात में सूफी क्लासिकल म्यूजिक नाइट में फनकार मुजाहिरा पेश करेंगे। इसके लिए पोस्टर का विमोचन किया गया। दरगाह सज्जादानशीन डॉ. सैयद हबीब उर रहमान नियाजी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी हजरत सैयद महबूब उर रहमान नियाजी रहमतुल्लाह अलैह का उर्स मनाया जाएगा। यह 10वां उर्स है, जिसका आगाज 14 जून को होगा। 'मेरा मुल्क मेरी पहचान, मेरी पहचान हिन्दुस्तान' शीर्षक पर चर्चा होगी। प्रदेश भर की दरगाहों के प्रतिनिधि शिरकत करेंगे। 15 जून को सुबह 7 बजे कुरानखानी होगी। 16 जून को सुबह मिलाद शरीफ होगी।

### 'राग-मद' में दिखा परंपरा, संवाद और नवाचार का संतुलन

# लोक और शास्त्रीय संगीत अलग-अलग विधा नहीं, बल्कि एक ही जीवंत परंपरा

**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय संगीत की दो परंपराओं - लोक और शास्त्रीय - को एक साझा मंच पर जीवंत संवाद के रूप में प्रस्तुत किया गया, तो कला प्रेमी रोमांचित नजर आए। मौका था राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में सांगीतिक प्रस्तुति 'राग-मद' का। संदीप रतनू की संकल्पित और संकलित प्रस्तुति ने श्रोताओं को भारतीय संगीत की जड़ों, साझा सांस्कृतिक विरासत और विकसित होती परंपराओं का अनुभव कराया।



'राग-मद' को किसी पारंपरिक फ्यूजन कार्यक्रम के रूप में नहीं, बल्कि सांगीतिक अन्वेषण के रूप में प्रस्तुत किया गया, जहां लोक और शास्त्रीय संगीत को अलग-अलग विधाओं के बजाय एक ही सांस्कृतिक धारा की परस्पर जुड़ी अभिव्यक्तियों के रूप में देखा गया। कार्यक्रम में सहजता और अनुशासन, लोक स्मृति और शास्त्रीय साधना के बीच स्वाभाविक प्रवाह दिखाई दिया, जिसने दोनों परंपराओं के संबंधों को उजागर किया। कार्यक्रम का आकर्षण कमायचा और वायलिन के बीच संवाद रहा। राजस्थान की लोक परंपरा के प्रतिनिधि कमायचे की गूंज और शास्त्रीय संगीत की अभिव्यक्ति से परिपूर्ण वायलिन ने मिलकर ऐसा सांगीतिक सेतु निर्मित किया, जिसने श्रोताओं को मुग्ध कर दिया। लोक गायकों तालब और दरे खान ने प्रस्तुतियों से लोक संगीत की जीवंतता और भाव-संपन्नता को स्वर दिया, वहीं शास्त्रीय गायक उल्लास पुरोहित ने रागदारी संगीत की गहराई और सौंदर्य को मंच पर साकार किया। कार्यक्रम में अनुभूति बनी रही कि लोक और शास्त्रीय संगीत दो अलग-अलग संसार नहीं, बल्कि भारतीय सांगीतिक विरासत की एक ही जीवंत परंपरा की विविध अभिव्यक्तियां हैं। हर कलाकार ने अपनी विशिष्ट पहचान और अनुभव के साथ प्रस्तुति में योगदान दिया, जिससे ऐसा सांगीतिक वातावरण निर्मित हुआ, जिसमें परंपरा, संवाद और नवाचार का सुंदर संतुलन दिखाई दिया। संकल्पक संदीप रतनू ने कहा कि 'राग-मद' का उद्देश्य लोक और शास्त्रीय संगीत के बीच कृत्रिम विभाजनों को हटाकर उनकी साझा जड़ों और परस्पर संबंधों को रेखांकित करना है। इस दौरान कुलदीप, दिनेश खींची, कैलाश सोलंकी, डॉ. साक्षी शर्मा आदि ने भी संगत करते हुए कार्यक्रम को ऊंचाइयां दीं। कार्यक्रम का समापन दर्शकों की सराहना और तालियों के साथ हुआ।

**लॉजिस्टिक्स कॉन्क्लेव** | पहले संस्करण का उद्घाटन

# लागत व समय कम करने और बेहतर क्वालिटी पर जोर

**बेधड़क** | जयपुर

भारत के लॉजिस्टिक्स सेक्टर को समय, लागत, सामान की हैंडलिंग और सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिससे कस्टमर सर्विस की क्वालिटी, मुनाफे और आउटसोर्सिंग की क्षमता पर असर पड़ता है। यह कहना था सीआईआई-इंस्टीट्यूट ऑफ लॉजिस्टिक्स के प्रिंसिपल काउंसलर साईं श्रीधर एच का। वे जयपुर में कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) राजस्थान की ओर से आयोजित लॉजिस्टिक्स कॉन्क्लेव के पहले संस्करण के उद्घाटन सत्र में बोल रहे थे। साईं के अनुसार, जब जापानी 'काइजेन' अप्रोच को नियमित रूप से अपनाया जाता है, तो यह व्यक्ति के व्यवहार को बदलने लगता है। यह लोगों को ध्यान देने वाला, प्रोएक्टिव बनने और प्रोफेशनल व पर्सनल दोनों क्षेत्रों में सुधार के लिए प्रतिबद्ध होने को प्रेरित करता है।



सौरभ खंडेलवाल, अभिषेक गोयल, नितिन गुप्ता, किशोर कुमार एस, उदय परनामी, मुबारिक खान और साईं श्रीधर एच।

हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर किशोर कुमार एस ने बताया कि 'लॉजिस्टिक्स काइजेन' को लागू करना असल में पर्यावरण की देखभाल करने का ही काम है। 'लीन' (कुशल और कम बर्बादी वाला) ही 'ग्रीन' (पर्यावरण के अनुकूल) है और 'ग्रीन' ही 'लीन' है। आधुनिक औद्योगिक दौर में ये दोनों अवधारणाएं एक-दूसरे से पूरी तरह जुड़ी हैं। वहीं, सीआईआई राजस्थान के सीनियर डायरेक्टर और हेड नितिन गुप्ता ने कहा कि कॉन्क्लेव व्यावहारिक कार्यान्वयन पर केंद्रित रहा।

### निरंतर सुधार की बढ़ती जरूरत

जेसीबी इंडिया लिमिटेड के सप्लाई चेन मैनेजमेंट हेड सतीश आर ने लॉजिस्टिक्स ऑपरेशन्स में व्यवस्थित और निरंतर सुधार की बढ़ती जरूरत पर जोर दिया, ताकि दक्षता बढ़ाई जा सके, लागत कम की जा सके और प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार किया जा सके। कॉन्क्लेव में चार टेक्निकल सेशन आयोजित किए गए, जिनमें सप्लाई चेन पर फोकस, फाउंडेशन (आधार), बेस्ट प्रैक्टिस शेयर करना, समस्याओं की पहचान और समाधान तथा तरीकों के इस्तेमाल पर सेशन हुए। समापन भाषण में भगवती ग्रुप डायरेक्टर अभिषेक गोयल ने कहा कि इंडस्ट्री के वक्ताओं ने लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन मैनेजमेंट में लागत और समय कम करने तथा क्वालिटी बेहतर बनाने के लिए संगठनों की ओर से अपनाई गई बेस्ट प्रैक्टिस के बारे में जानकारी दी। सेशन को अशांक माथुर, क्लस्टर फुलफिलमेंट मैनेजर, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, उदय परनामी, सीईओ परनामी ग्रुप आदि ने संबोधित किया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/003/2026-28

न्यूज बेधड़क

FIRST INDIA

सच बेधड़क
जयपुर, शनिवार, 13 जून, 2026



"तकनीक हमारी पहुंच बढ़ाती है, दिशा बुद्धि तय करती है।"
डॉ. जगदीश चंद्र, सीएमडी एंड एडिटर इन चीफ



## अब पंजीकृत किसान 19 जून तक एमएसपी पर बेच सकेंगे अपनी उपज

# भजनलाल सरकार की किसानों को राहत... गेहूं खरीद की अवधि बढ़ाई

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए एमएसपी पर गेहूं खरीद की अवधि 19 जून तक बढ़ा दी है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के इस निर्णय से उन किसानों को लाभ मिलेगा, जिनकी फसल अब तक समर्थन मूल्य पर नहीं बिक पाई है।

अब पंजीकृत किसान 19 जून तक अपनी उपज एमएसपी पर बेच सकेंगे। राज्य सरकार ने किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए गेहूं खरीद के लक्ष्य में भी वृद्धि की है। रबी विपणन सीजन 2026-27 के लिए गेहूं खरीद लक्ष्य 23.50 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 28.50 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है। अब तक प्रदेश के 3 लाख से



अधिक किसानों से 25.90 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। राज्य सरकार किसानों को केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित 2,585 रुपए प्रति क्विंटल एमएसपी के साथ 150 रुपए प्रति क्विंटल बोनस भी दे रही है। इस प्रकार किसानों को कुल 2,735 रुपए प्रति क्विंटल का भुगतान किया जा रहा है। इससे राजस्थान उन राज्यों में शामिल हो गया है, जहां किसानों को गेहूं का सबसे बेहतर मूल्य मिल रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'समृद्ध किसान-समृद्ध भारत' के संकल्प के अनुरूप प्रदेश में कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि खरीद प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो, किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और खरीदे गए गेहूं के सुरक्षित भंडारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## राज्यपाल बागडे और आचार्य देवव्रत की मुलाकात



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से शुक्रवार को लोकभवन में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने मुलाकात की। राज्यपाल बागडे और आचार्य देवव्रत की यह शिष्टाचार भेंट थी। इस दौरान दोनों ने राष्ट्र विकास से जुड़े मुद्दों के साथ प्राकृतिक खेती के लिए किए जा रहे कार्यों और इससे जुड़े जागरूकता कार्यों पर संवाद किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी भी उपस्थित रहे। इससे पहले राज्यपाल बागडे ने गुजरात के राज्यपाल का लोकभवन में शॉल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया।

## जयपुर में पत्रकारों से बोले केंद्रीय राज्य मंत्री...

# 12 से 15 लाख तक हो सकती है EWS आय सीमा: अठावले

■ युवाओं से नशामुक्त भारत बनाने का आह्वान

**बेधड़क** | जयपुर

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के आरक्षण की आय सीमा को 8 लाख से बढ़ाकर 12 से 15 लाख रुपए करने के संकेत दिए हैं। शुक्रवार को जयपुर के खासा कोठी सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस संबंध में मांगें प्राप्त हुई हैं और उनका मंत्रालय तथा नीति आयोग इस प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं।

अठावले ने कहा कि वर्तमान में 8 लाख से कम वार्षिक आय वाले परिवारों को EWS आरक्षण का लाभ मिलता है। उन्होंने बताया कि सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को मिलने वाला 10 प्रतिशत आरक्षण सभी धर्मों और समुदायों के पात्र लोगों के लिए है।



*खासा कोठी में प्रेस वार्ता को संबोधित करते केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत भी मौजूद रहे।*

### पेट्रोल-डीजल की कीमतें घटेंगी

पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर अठावले ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों और वैश्विक आपूर्ति प्रभावित होने के कारण कीमतों पर दबाव बना हुआ है। उनका कहना था कि हालात सामान्य होने के बाद सरकार कीमतों में राहत देने पर विचार करेगी। उन्होंने दावा किया कि पड़ोसी देशों की तुलना में भारत में एलपीजी सिलेंडर और ईंधन की कीमतों में वृद्धि अपेक्षाकृत कम रही है। जातिगत जनगणना के मुद्दे पर अठावले ने कहा कि कोविड-19 के कारण जनगणना प्रक्रिया प्रभावित हुई थी, लेकिन अब केंद्र सरकार जातिगत जनगणना कराने जा रही है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि लंबे समय तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस सरकारों ने यह कदम नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए काम कर रही है। इससे पहले राजस्थान संविधान क्लब में सोशल जस्टिस एंड एम्पावरमेंट काउंसिल ऑफ इंडिया के कार्यक्रम में अठावले ने युवाओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई।

## केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों की प्रदर्शनी

# विकास, सुरक्षा और समृद्धि के नए आयाम हुए स्थापित: भूपेंद्र

**बेधड़क** | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में '12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के' थीम पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में अलवर और जयपुर में आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों को आकर्षक एवं तथ्यात्मक रूप में प्रदर्शित किया गया। अलवर में आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव तथा राज्य के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री संजय शर्मा ने किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, सुरक्षा और समृद्धि के नए आयाम स्थापित किए हैं। जनकल्याण, सुशासन और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ देश निरंतर आगे बढ़ रहा है।



*केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अलवर में आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ करते केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और मंत्री संजय शर्मा।*

### जयपुर में दीया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन

सूचना केंद्र, जयपुर में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने किया। इस अवसर पर दीया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, आधारभूत संरचना, सांस्कृतिक गौरव, महिला सशक्तीकरण और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। वहीं, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में गरीब, किसान, महिला और युवा वर्ग के उत्थान के लिए अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी सरकार की विकास यात्रा और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम है। प्रदर्शनी 14 जून तक आमजन के अवलोकन के लिए खुली रहेगी।

## बेधड़क FIRST

### भाजपा के किसान मोर्चा अध्यक्ष पद से जुड़ा इत्तेफाक

राजस्थान भाजपा के किसान मोर्चा अध्यक्ष पद को लेकर एक दिलचस्प राजनीतिक इत्तेफाक चर्चा में है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सांवरलाल जाट ने भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कार्य किया था और बाद में केंद्र सरकार में कृषि राज्य मंत्री बने। इसके बाद कैलाश चौधरी ने किसान मोर्चा की कमान संभाली और वे भी आगे चलकर केंद्र सरकार में कृषि राज्य मंत्री बने। वहीं भागीरथ चौधरी भी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रहे और बाद में उन्हें भी केंद्र सरकार में कृषि राज्य मंत्री बनने का अवसर मिला। इस रोचक संयोग पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि पूत के पांव पालने में दिख जाते हैं। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि कैलाश जी की भी नजर ऊंची है और वे अपनी इच्छा व क्षमता के अनुरूप आगे बढ़ेंगे।

### गहलोत-पायलट के बयानों से राजनीति चक्करघिन्नी

राजस्थान कांग्रेस की राजनीति में एक बार फिर सियासी चर्चाएं तेज हो गई हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस नेता सचिन पायलट के हालिया बयानों ने राजनीतिक गलियारों में नई अटकलों को जन्म दे दिया है। सचिन पायलट ने कहा कि गहलोत का उनके प्रति वही स्नेह है, जैसा उनके पुत्र वैभव के प्रति है। वहीं अशोक गहलोत ने भी इस पर सहमति जताते हुए कहा कि पहले दोनों परिवारों के बीच घरों में आना-जाना था। दोनों नेताओं के इन बयानों से संकेत मिल रहे हैं कि वे पुरानी राजनीतिक कटुता को पीछे छोड़ने का संदेश देना चाहते हैं। हालांकि कांग्रेस की राजनीति में पहले भी ऐसे कई अवसर आए हैं, जब समीकरण अचानक बदलते रहे हैं।

### पंजे वाली पार्टी के मुखिया जी का शेखावाटी से पिंक सिटी का सफर

पंजे वाली पार्टी के प्रदेश मुखिया इन दिनों संगठन और अपने विधानसभा क्षेत्र के बीच बेहतरीन संतुलन बनाते नजर आ रहे हैं। शेखावाटी से पिंक सिटी तक उनका लगातार दौरा जारी रहता है। सप्ताह में दो से तीन दिन वे अपने गृह जिले और विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय रहते हैं। क्षेत्र के किसी भी महत्वपूर्ण कार्यक्रम को वे मिस नहीं करते और स्थानीय कार्यकर्ताओं से लगातार संपर्क बनाए रखते हैं। वहीं प्रदेश संगठन की गतिविधियों और कामकाज पर भी उनकी पैनी नजर रहती है। वीकेंड के दौरान अधिकांश समय वे विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रमों में व्यस्त रहते हैं।

### अगले साल होने वाले चुनाव से पहले पंजाब कांग्रेस में फिर पंगा

अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पंजाब कांग्रेस में एक बार फिर अंदरूनी खींचतान की चर्चा तेज हो गई है। नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच पार्टी में सब कुछ सामान्य नहीं माना जा रहा। स्थिति को देखते हुए कांग्रेस हाईकमान ने तीन पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर संगठन की नब्ज टटोलने की कवायद शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि एक पूर्व मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षा ने मामला उलझा दिया है। पूर्व सीएम खुद प्रदेश अध्यक्ष बनना चाहते हैं और उन्होंने किसी भी चुनावी समिति में शामिल होने से भी इनकार कर दिया है।

### काजरी का खजूर मिशन डेमोस्ट्रेशन तक सीमित

पश्चिमी राजस्थान में खजूर उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाया जा रहा काजरी का खजूर मिशन एक बार फिर चर्चा में है। करीब 10 से 12 वर्षों के शोध और प्रयासों के बावजूद संस्थान अब तक खजूर की कोई नई स्वदेशी किस्म विकसित नहीं कर पाया है। वर्तमान में खजूर उत्पादन के प्रचार-प्रसार का अधिकांश आधार गुजरात से आई एडीपी-1 किस्म पर ही टिका हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि इतने लंबे अनुसंधान काल के बाद क्षेत्रीय जलवायु और किसानों की जरूरतों के अनुरूप नई किस्म सामने आनी चाहिए थी। हाल ही में आयोजित खजूर दिवस कार्यक्रम में भी कोई नई विकसित वैरायटी प्रस्तुत नहीं की गई। ऐसे में खजूर उत्पादन बढ़ाने के दावों और अनुसंधान की वास्तविक उपलब्धियों पर सवाल उठ रहे हैं। खजूर अनुसंधान की दिशा और परिणामों को लेकर अब कृषि क्षेत्र में नई चर्चा शुरू हो गई है।

## पाली व सिरोही के कलेक्टरों की प्रेरक पहल ने दिया सुशासन का संदेश

# मानवीयता की मिसाल: कुर्सी छोड़ फरियादियों तक पहुंचे कलेक्टर

**राजेंद्र छाबड़ा** | बेधड़क

**जयपुर।** जिलों में कलेक्टर सरकार की पहचान और प्रतिनिधि होते हैं। उनके आचरण, व्यवहार और कार्यशैली से समूची सरकार की 'इमेज' बनती-बिगड़ती है। कलेक्टरों के बारे में 'नेगेटिव' खबरें तो आए दिन आती रहती हैं, लेकिन पाली और सिरोही से ऐसी ताजा खबरें आई हैं, जो कलेक्टरों के बारे में आम धारणा और सोच को बदलने वाली हैं।

वर्ष 2016 बैच के दो युवा कलेक्टरों-पाली के रवींद्र कुमार गोस्वामी और सिरोही के रोहिताश्व सिंह तोमर ने अपने कार्य व व्यवहार में जो मानवीयता, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा दिखाई उससे आमजन में उनकी स्वयं की तो वाह-वाही हुई है, उससे कहीं ज्यादा समूची सरकार का सुशासन का संदेश गया है।

रवींद्र कुमार गोस्वामी तीन माह पूर्व ही अप्रेल में पाली कलेक्टर की कुर्सी पर काबिज हुए हैं। पिछले सप्ताह वे कार्यालय परिसर का दौरा करते समय पहली मंजिल से



*पाली कलेक्टर रवींद्र कुमार गोस्वामी ऑफिस की सीढ़ियों में बुजुर्ग दंपती की फरियाद सुनते हुए।*



*सिरोही कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने ऑफिस के चैंबर से बाहर आकर बरामदे में बैठे दिव्यांग व्यक्ति की फरियाद सुनी।*


जब नीचे उतर रहे थे तो जीना में अचानक एक बुजुर्ग ग्रामीण दंपती ने हाथ जोड़ते हुए उन्हें एक प्रार्थना-पत्र थमाया। बुजुर्ग को पता नहीं था कि ये सरकारी अफसर जिले के कलेक्टर हैं। दंपती ने बताया कि वे अपनी रुकी हुई पेंशन के लिए कई दिनों से चक्कर लगा रहे हैं। कलेक्टर ने उनकी परेशानी समझी और तुरंत एक्शन लेते हुए पेंशन जारी करने के निर्देश दिए। नियमों में छूट दी।

भावुक बुजर्ग महिला जब कृतज्ञता में कलेक्टर के पांव छूने लगी तो रवींद्र गोस्वामी ने स्वयं झुककर उनके हाथ जोड़े। दंपती को तब पता चला कि 'नारायण' के रूप में मिले यह अफसर जिले के कलेक्टर हैं। कलेक्टर के इस व्यवहार ने हर किसी का दिल जीत लिया। यह घटनाक्रम सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। कलेक्टर की संवेदनशीलता की सराहना की जा रही है।

मानवीयता की परिचायक इसी तरह की दो ताजा घटनाएं सिरोही कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर से जुड़ी हैं। पहली घटना पिछले सप्ताह की ही है। पिंडवाड़ा का एक दिव्यांग अपने रास्ते में अतिक्रमण की फरियाद लेकर कलेक्टर के पास पहुंचा था। सीढ़ियां चढ़कर कलेक्टर के चैंबर तक नहीं पहुंच सकता था। पता चलने पर कलेक्टर रोहिताश्व सिंह स्वयं चैंबर से बाहर आकर नीचे बरामद में बैठे दिव्यांग के पास पहुंचे। उसकी व्यथा-कथा सुनी और प्रार्थना-पत्र पढ़ा। मामले में आवश्यक कार्यवाही के तुरंत निर्देश दिए। दिव्यांग खुश होकर लौटा।

इससे पूर्व भी अप्रैल माह में 30 वर्षीया 12वीं पास एक दिव्यांग युवती ट्राई साइकिल के सहारे अपनी परियाद ले कलेक्टर के पास पहुंची थी। कलेक्टर रोहिताश्व सिंह ने चैंबर से निकलकर सीढ़ियों पर बैठकर दिव्यांग युवती की पीड़ा सुनी। उसकी मां विधवा है और वह स्वयं घर का खर्च चलाने में असमर्थ है। कलेक्टर ने उसे सरकारी सहायता दिलाने की तत्काल कार्यवाही की।

ये घटनाएं छोटी जरूर हैं, लेकिन इनका संदेश बड़ा है। ये प्रतीकात्मक भी हो सकती हैं, परंतु अनुकरणीय और सीख देने वाली हैं।




फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स के लिए मुद्रक व प्रकाशक अनिता हाड़ा सागवान द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 304-308 थर्ड फ्लोर, सिटी मॉल, भगवानदास रोड, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक:** डॉ. जगदीश चंद्र, **प्रबंध संपादक:** पवन अरोड़ा, **संपादक:** मनोज माथुर*, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 **फोन नं. :** 0141-4920504 (ऑफिस), **ई-मेल:** sachbedhadakdaily@gmail.com, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।